तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 9.6 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026



12 10वीं-12वीं के स्कूल टॉपर्स का हुआ सम्मान





13 विचक्षण जैन विद्यापीठ में अभिभावकों ने सीखे पेरेंटिंग के महामंत्र






# वाहनों की जांच करने वाली मोबाइल वैन खुद दौड़ रही बिना पीयूसी के, जिम्मेदार कौन?

डॉ. संदीप उपाध्याय ▶▶ भिलाई


खास खबर

छत्तीसगढ़ किसी भी जिले में आप जा रहे हैं तो आपको सड़क किनारे पीसीयू यानि प्रदूषण जांच करने के लिए वैन खड़ी मिल जाएगी। इनसे आप निर्धारित शुल्क देकर अपनी गाड़ी की पीयूसी जांच करा सकते हैं, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि जिन मोबाइल यूनिट को दूसरी गाड़ियों की पीयूसी जांच के लिए लगाया गया है, वो मोबाइल यूनिट खुद बिना पीयूसी के सड़कों पर दौड़ रही हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने प्रदूषण का स्तर घटाने के लिए डेढ़ साल पूर्व एक आदेश जारी कर सभी प्रकार के वाहनों के प्रदूषण जांच के निर्देश दिए थे। आदेश की पालन का जिम्मा जिला प्रशासन, परिवहन, पॉल्यूशन कंट्रोल मंडल और यातायात पुलिस को सौंपा गया है, लेकिन इस पर पूरी तरह से अमल होता नहीं दिख रहा है। परिवहन विभाग ने कुछ निजी एजेंसी को प्रदूषण जांच का लाइसेंस दिया है। वो एक मोबालि यूनिट (वैन) में मशीन को रखकर अलग-अलग जगह पर खड़े हो जाते हैं और गाड़ियों की पीयूसी जांच करते हैं। इनके द्वारा बनाया गया पीयूसी सर्टिफिकेट परिवहन विभाग की वेबसाइट में तो अपडेट होते हैं, लेकिन जब प्रदूषण जांच करने वाले मोबाइल यूनिट वाहन का पीयूसी ऑनलाइन चेक किया गया तो पाया गया कि उस गाड़ी का पिछले दो तीन साल से पीयूसी जांच नहीं की गई है।

## यातायात पुलिस की लापरवाही उजागर

### शहर में बढ़ रही नाइट्रोजन ऑक्साइड की मात्रा

पड़ताल में पाया गया कि जिले में लगभग 30-40 प्रतिषत गाड़ियां बिना प्रदूषण जांच कराए सड़कों पर दौड़ रही हैं। ऐसे में गाड़ियों से काफी अधिक मात्रा में काला धुंआ निकलता है। एक्सपर्ट की मानें तो इस धुंआ के साथ धूल व केमिकल वायुमंडल में घुल रहा है। यह लोगों के लिए काफी खतरनाक है। इससे खासकर नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइ ऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड का स्तर बढ़ रहा है।



07 Jul,2007
Registration Date

Expired on 04 Sep,2023
Insurance Valid Upto
Insure Now

18 Years, 6 Months, 12 Days
Vehicle Age

25 Sep,2027
Fitness Upto

Expired on 07 Feb,2023
PUCC Valid Upto
Near By

Expired on 31 Jan,2022
Tax Valid Upto




### पेट्रोल पंपों में लगाने थे पीयूसी सेंटर

शहर व जिले में पेट्रोल पंप भी पीयूसी जांच की मशीन लगानी थी, लेकिन यहां एक भी पेट्रोल पंप में पीयूजी जांच की सुविधा नहीं है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश पर प्रदेश के साथ साथ देश के अन्य राज्यों में यह आदेश जारी हुआ है, लेकिन दुर्ग जिला प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

### तीन साल से पीयूसी एक्सपायर

भिलाई में एक मोबाइल यूनिट वाहन सीजी 04 एचए 0967 में बैठे लोग दूसरे वाहनों का प्रदूषण जांच कर रहे थे। जब उस गाड़ी के नंबर से उसका ऑनलाइन स्टेटस चेक किया गया तो उसका खुद का पीयूसी तीन साल यानि 7 फरवरी 2023 से एक्पायर था। इसके साथ ही गाड़ी का ना तो इंस्योरेंश था और ना ही उसका टैक्स जमा है। ऐसे में साफ है ये गाड़ियां नियमो को ताक में रखकर अधिकारियों की मेहरबानी से सड़कों पर दौड़ रही हैं।

### जांच कर की जाएगी कार्रवाई

नियम सभी के लिए बराबर है। प्रदूष जांच करने वाली मोबाइल यूनिट की भी जांच की जाएगी। यदि उनके सभी दस्तावेज नियम के तहत नहीं मिले तो चालानी कार्रवाई की जाएगी।

-**ऋचा मिश्रा**, एएसपी ट्रैफिक

## खबर संक्षेप

### चोरी करने के मामले में अदतन चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** दो अलग-अलग चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तापर किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि प्लॉट 3, फेस 6, मैत्री नगर नेवई निवासी उमाकांत यादव के दुकान में कृष्णा टॉकीज रोड प्लांट नं. 1 मैत्री नगर, प्रगति नगर रिसाली निवासी दिनेश बैंजामिन मकान से चोरी हुआ था। पुलिस ने सूचना पर ग्राम धनौरा शक्ति पारा निवासी ठामेश्वर साहू उर्फ रवि खंती तालाब के पास पदमनाभपुर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर दुकान व मकान में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी से 14 हजार नगद बरामद किया गया। आरोपी के बारे में पुलिस को पता चला कि पदमनाभपुर से कार, भिलाई नगर से बाइक, बालोद क्षेत्र से एटीएम में चोरी का प्रयास करने की जानकारी मिली। आरोपी के पास से पुलिस ने नगद, आभूषण, मोबाइल वाहनों समेत चोरी की संपत्ति की कीमत 11-12 लाख रुपए आंकी गई है।

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब का अवैध परिवहन करने वाले दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि टीम ने मालूद-नगपुरा के बीच चिखली रोड पर गश्त कर रही थी। तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक सीजी 07 सीडब्लू 0849 से नगपुरा की ओर शराब लेकर आ रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी बाइक समेत युवकों को रोक दिया। जांच करने पर आरोपी खुर्सीडीह चौक नगपुरा निवासी राजू पारधी को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 133 पौवा कुल 23.940 बल्क लीटर शराब जब्त किया गया।

### बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले पर कार्रवाई

**भिलाई।** सड़क सुरक्षा माह के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ऑपरेशन सुरक्षा को लेकर शहर के महावीर जैन विद्यालय शिक्षक नगर दुर्ग के समीप विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में नाबालिग छात्र-छात्राएं मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करते पाए गए। जो दो पहिया वाहन चला रहे थे। जांच में बिना वैद्य ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, वाहन पंजीयन एवं आवश्यक दस्तावेजों के वाहन संचालन के प्रकरण सामने आए। उक्त मामलों में मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 4/181 , 5/180 , 129 (हेलमेट न पहनना) और 39/192 (अपंजीकृत वाहन का संचालन) के 25 वाहन स्वामियों के खिलाफ ई-चालानी कार्रवाई की गई। कुल 62,500 की राशि का समन शुल्क भेजा गया। अभियान के दौरान नाबालिगों को वाहन उपलब्ध कराने वाले अभिभावकों वाहन स्वामियों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 5/180 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की गई। एएसपी ऋचा मिश्रा ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा नाबालिग वाहन संचालन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। आगामी दिनों में भी स्कूलों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों प्रमुख मार्गों पर अभियान चलाया गया।

## सरकारी यूनिफार्म का हाल

### आंगनबाड़ी संचालिकाओं ने उठाव से खड़े किए हाथ

# 3000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं को बांटी घटिया साड़ी, एक ही धुलाई में रंग गायब

देवीलाल साहू ▶▶ भिलाई

अलग खबर

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को ड्रेस कोड अनिवार्य किया गया है। ड्रेस कोड के नाम उन्हे साड़ी बांटी जा रही है। दुर्ग जिले की 3 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को ड्रेस के नाम पर घटिया क्वालिटी की साड़ी बांट दी गई हैं। स्थिति यह है कि एक ही धुलाई में ही ये साड़ी के रंग गायब हो जा रहे हैं और वह बेहद महीन हो गई है। जिसकी वजह से पहनने लायक नहीं रही। मौजूदा हालात के बाद आंगनबाड़ी परियोजनाओं से संचालिकाओं ने साड़ी उठाव के लिए हाथ खड़े कर दिए हैं।



यह साड़ी यूनिफार्म के रूप में बांटी गई है, जिसका हाल एक धुलाई के बाद ऐसा हो गया।

### साड़ी की लंबाई चौड़ाई मानक के अनुरूप नहीं

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने बताया कि यूनिफार्म के रूप में घिटया स्तर की साड़ियां बांटी गई हैं। उसका कपड़ा एक ही धुलाई में इतना पतला हो गया कि पहनने लायक नहीं है। साड़ी की लंबाई और चौड़ाई भी मानक से कम है। एक स्टैंडर्ड साइज की साड़ी की लंबाई साढ़े 5 से 6 मीटर होना चाहिए, जबकि बांटी गई साड़ी की चौड़ाई और लंबाई दोनो कम है।

### धमधा परियोजना में साड़ी लेने से इनकार

दुर्ग जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों को कई एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजनाओं के तहत संचालित किया जाता है, जिसमें दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, पाटन, धमधा, अहिवारा व जामगांव जैसी परियोजनाएं शामिल है। सूत्रों के मुताबिक दुर्ग शहर और दुर्ग ग्रामीण परियोजनाओं में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए यूनिफार्म यानी साड़ी बांटी जा चुकी हैं। वहीं धमधा परियोजनाओं से जुड़े आंगनबाड़ी केंद्र घटिया क्वालिटी की जानकारी मिलते ही साड़ी उठाने से इनकार कर दिया है।

### स्तरहीन साड़ी की जगह ब्लेजर होगी सुविधाजनक

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का कहना है कि कार्य की सुगमता और एक सशक्त प्रोफेशनल पहचान के लिए भविष्य में साड़ी के स्थान पर हमे शासकीय मोनोयुक्त ब्लेजर कोट प्रदान किया जाए। ब्लेजर सभी साइज की महिलाओं के लिए सुविधाजनक है। यह फील्ड वर्क और गृह भेंट के दौरान एक कर्मचारी जैसी पहचान देता है। इसे किसी भी कपड़ों सूट या साड़ी के ऊपर पहना जा सकता है, जो व्यावहारिक है।

### सम्मान सुविधा प्रणाली भी सिरदर्द

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने बताया कि राज्य सरकार से शासकीयकरण या वेतनवृद्धि की मांग करते हैं, तो इसे केंद्र का विषय बताकर टाल दिया जाता है। किन्तु. काम का बोझ बढ़ाने के लिए राज्य सरकार अपनी तरफ से यह सम्मान सुविधा प्रणाली केवल छत्तीसगढ़ में लागू कर रही है। जो देश के अन्य किसी राज्य में नहीं है। यह एकतरफा प्रताड़ना हमें स्वीकार नहीं है। बिना 5G मोबाइल और मासिक डेटा मत्ता दिए निजी मोबाइलों पर ऐप चलाने का दबाव डाला जा रहा है।

### सेंट्रलाइज खरीदी

हमें दुर्ग जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में बांटने के लिए साड़ी यूनिफार्म राज्य से मिली है। जिसे हमने परियोजनाओं में वितरण के लिए भेजा है। इसकी सेंट्रलाइज खरीदी हुई है। इसलिए हम कुछ नहीं कह सकते।

**आरके जामुलकर,** जिला अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग

### साड़ी का बहिष्कार

आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता और सहायिकाएं महिलाएं हैं। जो साड़ी यूनिफार्म के नाम पर मिली हैं वह महिलाओं के गरिमा व सम्मान के अनुकूल नहीं है। घटिया क्वालिटी की है। इसलिए हम सभी साड़ी वितरण का बहिष्कार करेंगे। सामान्य सुविधा प्रणाली से हम कार्यकर्ताओं वर्कलोड बढ़ गया है।

-**गीता बाघ,** जिलाध्यक्ष, छग जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका कल्याण संघ

## अभियान

# कानून तोड़ने वाले 40 लोगों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

कानून तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर 40 के खिलाफ कार्रवाई किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि अड्डेबाजी, सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन और कानून-व्यवस्था को तोड़ने वालों पर शिकंजा कसने का प्रयास पुलिस ने किया है।

- सभी थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के लिए दी गई है हिदायत

जिलेभर में एक साथ व्यापक एवं सघन विशेष अभियान चलाया गया। सार्वजनिक स्थानों पर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना, असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के संदेश दिए गए है। अड्डेबाजी, सार्वजनिक पर शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। थाना सुपेला 4, पद्मनाभपुर 4, पाटन 4, उतई 4, पुलगांव 6, मोहन नगर 5, भिलाई नगर 3, कुम्हारी 3, खुर्सीपार 2, अण्डा 1, नेवई 1, जामुल 1, पुरानी भिलाई से 2 पकड़े गए। अभियान के तहत जिले के थाना, चौकी प्रभारियों की सहभागिता रही। अपील किया गया है कि सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन, अड्डेबाजी, कानून-व्यवस्था भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा।

### नंदिनी में भी चला अभियान

नंदिनी थाना क्षेत्र में मड़ई मेला, बाजार, अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस बल तैनात कर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान असामाजिक किस्म के युवक बड़े-बड़े लोहे के कड़े पहनकर मड़ई मेला, बाजार घूमकर लोगों में भय बना रहे थे। पुलिस ने 150 लोहे का कड़ा जप्त किया है।

# परिवार माता के दर्शन करने गया था मैहर और घर में हो गई 4.90 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

जामुल पुलिस ने बताया कि कैलाश नगर, लोहिया रोड, एकता चौक जामुल निवासी आदित्य विक्रम केशरवानी ट्रेंडिंग का काम करते है। 16 जनवरी की रात परिवार समेत मैहर माता के दर्शन के लिए घर में ताला जड़कर निकले थे। 18 जनवरी की सुबह अपने मकान में

- जामुल थाना क्षेत्र की घटना, खंगाल रही है सीसीटीवी कैमरा

वापस लौटने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। अंदर अलमारी का लॉकर भी खुला पड़ा हुआ मिला। मकान से लॉकर में रखे गए सोने के दो हार, दो जोड़ी कान के सेट, तीन जोड़ी कंगन, एक कान की नथनी और मंगलसूत्र का पेंडल अज्ञात ने पार कर फरार हो गया। चोरी हुए सामानों की कीमत 4.90 लाख रुपए आंकी गई है। अज्ञात चोर मकान के बाउंड्री कूदकर घर में प्रवेश कर अलमारी का लॉकर तोड़कर चोरी करना बताया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाला जा रहा है।

# जलकर नहीं पटाने वालों पर चरोदा निगम का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में वार्डो में जल विभाग ने कार्यवाई किया है। जलकर के पुराने बकायदारों से राशि निगम कोष में जमा कराने निगम का अमला घर-घर दस्तक दे रहा है।

महापौर निर्मले कोसरे, कमिश्नर डीएस राजपूत के द्वारा बीते दिनों बैठक लेकर समझाश दिया था। उसके बाद भिलाई-3 चरोदा के अवैध नल कनेक्शन के खिलाफ कार्रवाई जारी है। समय पर अपना जलकर, संपत्तिकर, भू-भाटक, शिक्षा उपकर तथा समेकिति कर के अलावा यूजर चार्ज की राशि जमा नही करने वालो पर निगम कार्यवाई करेगा। स्वायत्तशासी संस्था होने के कारण निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी जन सुविधा सफाई, जलप्रदाय, निकाय के वाहनो के ईधन, निगम कर्मियो का वेतन शामिल है। निगम प्रशासन की ओर से जलकर वसूली एवं अवैध नल कनेक्शन पर चलाये जा रहे अभियान को लेकर सहायक राजस्व अधिकारी अरूणिमा दुबे ने बताया कि प्रतिदिन क्षेत्र के अवैध नल कनेक्शनो का सत्यापन कर उन्हे विच्छेद करने की कार्यवाई जारी है। तीन दिनों 6 अवैध नल कनेक्शन काटे गये है। जलकर के बकायेदार 27 जनो की डिमांड बिल जारी किया गया है। फील्ड में पैसा जमा करने वालो से 23 हजार रुपए जलकर की राशि मिली है। इस दौरान उप अभियंता केहर कुमार मरकाम, सहायक राजस्व निरीक्षक सरोजनी यदू, जलप्रदाय विभाग राजेश अचैय्या, सहा.रा.नि. दुष्यंत चर्तुवेदी मौजूद थे।



अवैध नल कनेक्शन को लेकर हुई कार्रवाई

## सात अफसरों की टीम पहुंची जांच करने, कंपनी के मालिक बाहर

# हरिओम पावर में जीएसटी टीमों ने मारा छापा, खंगाले जा रहे हैं टैक्स के रिकार्ड

**आज भी जारी रहेगी जांच, खंगाले जा रहे टैक्स व देनदारी से जुड़े दस्तावेज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हरिओम इंगोट्स व पावर लिमिटेड भिलाई में जीएसटी की टीम ने सोमवार को दबिश दी है। इस कार्रवाई से कंपनी में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक अधिकारियों की दो टीमें अलग अलग गाड़ियों से कंपनी में पहुंची। जाते ही उन्होंने कंपनी को अपने अधिकार क्षेत्र में लिया।

सात जीएसटी अधिकारी कंपनी के कार्यालय पहुंचे और दस्तावेजों को खंगालना शुरू किया। जीएसटी विभाग की टीमों ने कंपनी के बिल, जीएसटी रिटर्न, इनवॉइस समेत अन्य वित्तीय दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। दस्तावेज इतने अधिक मात्रा में है कि कार्रवाई जारी है। मंगलवार को भी अधिकारी यहां रिकार्ड को खंगालेंगे। अधिकारियों ने रिकार्ड से अधिकारी टैक्स भुगतान, इनपुट टैक्स क्रेडिट और संभावित अनियमितताओं से जुड़ी जानकारी को खंगाला है।



कंपनी के कर्मियों के मुताबिक जीएसटी की टीम फिलहाल कंपनी के भीतर जांच कर रही है, जांच के दौरान कंपनी का कामकाज सामान्य रूप से चलता रहा। अधिकारियों ने उसे बंद नहीं करवाया।

बताया जा रहा है कि उक्त कंपनी के मालिक बाहर गए हुए हैं, लेकिन कर्मियों द्वारा जीएसटी की टीम को जांच में सहयोग कर रहें है। कर्मियों द्वारा जीएसटी अधिकारियों की जांच टीम कंपनी के दस्तावेज उपलब्ध करा रहे हैं। पूछताछ में सहयोग किया जा रहा है। फिलहाल देर रात होने पर मंगलवार को भी जीएसटी की टीम जांच कर सकती है। जीएसटी विभाग की ओर से जांच को लेकर अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया।

### सात अफसर एक साथ पहुंचे कंपनी के अंदर

बताया जा रहा है कि हरिओम इंगोट्स व पावर लिमिटेड में अचानक सात अफसरों को देख कर्मी हडबड़ा गए। एक-एक कर सातों अफसरों हाथ में दस्तावेज रख कंपनी के भीतर प्रवेश किया। देर शाम तक कंपनी में टैक्स समेत रिकार्ड खोजबीन किया जा रहा है। इसके अलावा जीएसटी की टीम कंपनी के हर बिलों, टैक्स से जुड़े दस्तावेजों को खंगाल रही है। फिलहाल जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।




# नाली बंद होने और सड़क ढलान बदलने से जलजमाव, वार्डवासी परेशान

## आवेदन लेकर पहुंचे जनदर्शन, कुल 113 आवेदन हुए प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा।

जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 113 आवेदन प्राप्त हुए।

इसी प्रकार मैत्रीकुंज रिसाली निवासी ने सेक्टर-10 स्थित श्री शंकरा विद्यालय पर बिना वैध मान्यता के छात्रों का नवीन प्रवेश लेने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि विद्यालय की मान्यता 31 मार्च 2025 तक ही वैध थी, जिसके बाद आवश्यक वर्तमान कार्यकारिणी सूची जमा नहीं करने के कारण जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा विद्यालय की मान्यता समाप्त कर दी गई। इसके बावजूद श्री शंकरा विद्यालय प्रबंधन द्वारा ग्राम कोनारी में नया विद्यालय खोलकर बिना मान्यता व मनमानी ढंग से स्टाफ नियुक्त कर प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निरीक्षण कर त्वरित कार्यवाही करने को कहा।

### बीज अंकुरित नहीं होने की शिकायत

नगपुरा के कृषकों ने बीज से अंकुरण नहीं होने की शिकायत की। कृषकों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम रुआबांधा द्वारा उपलब्ध कराए गए गेहूं किस्म एच.आई. 8759 के बीजों का अंकुरण बेहद कम हुआ है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने सेवा सहकारी समिति नगपुरा से 6 बोरी गेहूं बीज खरीदा था। बीज की बुआई नदी किनारे कछार भूमि में की गई, लेकिन आज तक केवल 10 से 15 प्रतिशत ही अंकुरण हो पाया है। इस पर कलेक्टर ने प्रबंधक बीज निगम को बीज की गुणवत्ता की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



### सड़क का निजी उपयोग कर नाली बंद करने की शिकायत

वार्डवासियों ने आदित्यनगर वार्ड क्रमांक 20 में नाली बंद किए जाने और सड़क का ढलान बदलने से जलजमाव व गंदगी की समस्या की शिकायत की। वार्डवासियों ने बताया कि पिछले 10-15 वर्षों से कुछ मकान मालिकों द्वारा सड़क का निजी उपयोग करते हुए नाली को बंद कर दिया गया। जब सड़क निर्माण किया गया तो नाली को पूरी तरह से बंद कर सड़क का ढलान घर की ओर कर दिया गया। इससे गंदा पानी घर के सामने जमा होने लगा है। स्थायी जलजमाव के कारण क्षेत्र में दुर्गंध, मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इस संबंध में पार्षद, नगर निगम आयुक्त एवं संबंधित जोन कार्यालय को भी अवगत कराया गया था। इस पर कलेक्टर ने ननि दुर्ग को परीक्षण कर कार्यवाही करने को कहा।

## खबर संक्षेप



### छग सफाई कर्मचारी आयोग मंच गठित

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सफाई कर्मचारी आयोग मंच का गठन सिद्धार्थ नगर में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि दीपक कलसा चिरमिरी थे। सभा का संचालन अलख नवरंग ने किया। इस मौके पर दीपक कलसा चिरमिरी, राजेश अरखेल तिल्दा, जय साहू भिलाई, साजीजान अभनपुर, अमरजीत पटेल रायपुर, राज रक्सेल रायपुर, मनोरमा समुद्रे रायपुर, सुरेश बेरिया बिलासपुर, धर्मवीर मन हरे बिलासपुर, सोनू पराग तिल्दा, जितेंद्र हथगईया तिल्दा, अविनाश अरखेल तिल्दा, राजकुमारी चैढेल रायपुर आदि मौजूद थे। यह जानकारी अलख नवरंग ने दी ।

### सिकोला बस्ती के धर्मेन्द्र बीएसएफ में चयनित



**दुर्ग।** सिकोला बस्ती वार्ड क्रमांक 16 के रहने वाले धर्मेन्द्र यादव ने बीएसएफ सीमा सुरक्षा बल में चयन प्राप्त कर देश सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। फरवरी में उन्हें जम्मू बॉर्डर पर तैनात किया जाएगा। यह वार्ड और पूरे दुर्गवासियों के लिए गर्व का क्षण है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा ने धर्मेन्द्र यादव से मिलने सिकोला बस्ती पहुंचे और उन्हें सम्मानित किया। वार्डवासियों ने भी धर्मेन्द्र यादव के इस चयन पर खुशी व्यक्त की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### हिंदी राष्ट्रीय एकता की बने कड़ी : डॉ. सुराना

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.अजय कुमार सिंह ने कहा कि हिंदी पढ़ना केवल पाठ्यक्रम की आवश्यकता नहीं बल्कि भारतीय जीवन दृष्टि, संस्कृति और संवेदना को समझने का सशक्त माध्यम है। इसके अध्ययन से व्यक्ति के विचार, भाषा और व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है।

**बैठक :** जिला पंचायत में धान खरीदी से अवैध खनन तक कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# सामान्य सभा में उठा अनियमितताओं का मुद्दा, अवैध खनन पर कार्रवाई के निर्देश

## कार्यपालन अभियंता और खनिज अधिकारी की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला पंचायत दुर्ग के सभा कक्ष में सोमवार को सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने की। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और साजा विधायक ईश्वर साहू विशेष रूप से मौजूद थे। विधायक ललित चंद्राकर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता उत्कर्ष उमेश पांडे और खनिज विभाग दुर्ग के दीपक मिश्रा की बैठक में अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। लगातार अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर कड़ी कार्रवाई की अनुशंसा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में धान खरीदी को लेकर सदस्यों ने गंभीर अनियमितताओं की बात रखी। पाटन ब्लॉक में टोकन कटने के बाद निरस्त होने, छोटे किसानों के टोकन कटने और बड़े किसानों के टोकन नहीं कटने की शिकायतें सामने आईं। सदस्यों ने धान खरीदी की सीमा बढ़ाने की मांग की। खाद्य विभाग से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा हुई। थनौद और कोल्हियापुरी में राशन दुकानों के संचालन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली केंद्रों की शिकायतें और स्व-सहायता समूहों को सोसायटी आवंटन का मुद्दा उठाया गया। सभी पेट्रोल पंपों में हवा और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी भवनों की जर्जर स्थिति, बाउंड्रीवाल निर्माण और नए भवन की मांग रखी गई। नगपुरा में तालाब के पास बन रही आंगनबाड़ी को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने का सुझाव दिया गया। समाज कल्याण विभाग में पेंशन योजनाओं के भुगतान न होने और रामलला दर्शन योजना की सूची से नाम हटाने की शिकायतों पर विसवार सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।



### प्रतिदिन 20–25 गाड़ियां रेत निकाले जाने की शिकायत

खनिज विभाग के मामले में बैठक का माहौल सख्त रहा। करेली ब्लॉक धमधा एवं नवांगांव में अवैध खनन होने की जानकारी दी गई। पाटन क्षेत्र में चालू और बंद खदानों तथा दर्ज प्रकरणों की जानकारी मांगी गई। घुघवा ब्लॉक पाटन में अवैध रेत खनन कर पुल के पास से प्रतिदिन 20–25 गाड़ियां रेत निकाले जाने की शिकायत प्राप्त हुई। वहींमछली पालन विभाग में चिंगरी पंचायत में वर्षों से बिना पट्टा मछली निकासी का मुद्दा उठा। पंचायत पट्टा और लीज राशि की पूरी जानकारी प्रस्तुत करने को कहा गया। शिक्षा विभाग में स्कूलों में शिक्षकों की कमी, जर्जर भवन, मरम्मत और नए भवन निर्माण की जरूरतों पर चर्चा हुई। शिक्षकों की अनुपस्थिति और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में व्यवहार को लेकर भी सवाल उठे। समग्र शिक्षा के तहत लंबित भुगतान जल्द जारी करने की मांग रखी गई। अन्य विषयों में कोल्हियापुरी में जूस फैक्ट्री के पास बनाए गए ब्रेकर को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंगी कुमार दुबे, जनपद पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक सहित जिला पंचायत सदस्यगण जितेन यादव, प्रिया साहू, श्रद्धा साहू, आशा विक्की मिश्रा, देवेंद्र चंद्रवंशी, नीलचंद, नीलम चंद्राकर, उषा विक्की मिश्रा, कल्पना साहू, अशोक साहू, दानिश साहू आदि उपस्थित थे।

# धान घोटाले के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन आज



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य में सरकारी गोदामों में रखे करोड़ों रुपये मूल्य के धान के कथित रूप से चूहा द्वारा नष्ट किए जाने की घटनाओं ने पूरे प्रदेश को आक्रोशित और स्तब्ध कर दिया है। इस गंभीर मामले में भाजपा सरकार जवाबदेही तय करने के बजाय इसे चूहों के सिर मढ़कर अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रही है, जो प्रदेश की जनता और अन्नदाता किसानों के साथ सरासर अन्याय और मज़ाक है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि धान किसानों की मेहनत, पसीने और खून की कमाई है। उसे चूहा खा गया। जैसी दलीलें न केवल हास्यास्पद हैं, बल्कि यह भाजपा सरकार, उसके मंत्रियों और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही, भ्रष्टाचार और संरक्षण को उजागर करती हैं। प्रदेश की जनता का साफ मानना है कि धान मुसवा ने नहीं, बल्कि भाजपा सरकार और उसके मंत्रीगणों ने खा लिया है। इसे लेकर 20 जनवरी को दुर्ग कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान सभी मंत्रियों की प्रतीकात्मक बारात ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली जाएगी। कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम प्रतीकात्मक रूप से चूहा सौंपकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसे लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पूर्व महापौर और दुर्ग के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, नीता लोधी, देवेंद्र देशमुख, रिवेंद्र यादव, नंद कुमार सेन, आनंद ताम्रकार, गुरदीप भाटिया, मनीष बघेल, देवश्री साहू, धर्मेंद्र साहू, जीतू पटेल आदि मौजूद थे।

# कथाकार लोकबाबू का उपन्यास विश्व पुस्तक मेले में प्रदर्शित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई के वरिष्ठ कथाकार लोकबाबू का नया उपन्यास सूरज जहां डूबता है... दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेला में प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही उनके चर्चित उपन्यास बस्तर बस्तर का भी तीसरा संस्करण आ चुका है।

भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग में विभिन्न पदों पर रहे चिरपरिचित साहित्यकार लोकबाबू का इसके पूर्व उपन्यास अब लौ नसानी और डींग तथा तीन कहानी संग्रह- टीले पर चांद, बोधिसत्व भी नहीं आए और जंगलगाथा प्रकाशित हो चुके हैं। उनकी मेमना कहानी रुसी व जापानी भाषा में अनुदित हो चुके है। उन्हें वागीश्वरी पुरस्कार और सृजनश्री सम्मान सहित कई सम्मान मिल चुके हैं।

# बेहतर लाइटिंग से दुर्घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों पर भी लगेगी रोक : ललित चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

रिसाली नगर निगम क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली के दो प्रमुख विद्युतीकरण कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया। कार्यक्रम में महापौर शशि सिन्हा भी उपस्थित रहीं।

- विधायक ने दो विद्युतीकरण कार्यों का किया लोकार्पण



वार्ड-23 प्रगतिनगर रिसाली में मैत्री कुंज मेन रोड से सेंट जेवियर्स स्कूल तक करीब 18.74 लाख रुपए की लागत से किए गए विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही वार्ड-26 में गोल्डन चौक उमर पोटी रोड से चौधरी विला रेलवे अंडरब्रिज तक 34.48 लाख रुपए की लागत से हुए विद्युतीकरण कार्य का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र में सड़क और विद्युतीकरण जैसे कार्य आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरत से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से रात के समय आने जाने वालों को सुविधा मिलेगी और पूरा क्षेत्र रोशनी से जगमगाएगा। महापौर शशि सिन्हा ने भी विद्युतीकरण कार्यों को शहर की सुरक्षा और सुविधा के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि बेहतर लाइटिंग से दुर्घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों पर भी रोक लगेगी। कार्यक्रम में जिला मंत्री शैलेन्द्र शेंडे, रिसाली मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, वार्ड पार्षद धर्मेन्द्र भगत, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, एमआईसी सदस्य और स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

## आज से 26 तक कोसा एवं कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़ हाथकरघा प्रदर्शनी

**दुर्ग।** जिला हाथकरघा कार्यालय द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर कोसा एवं कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़ हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 20 से 26 जनवरी तक पंजाबी पैलेस सेक्टर-5 गणेश मंदिर के सामने भिलाई में आयोजित होगी।

प्रदर्शनी का शुभारंभ 20 जनवरी को शाम 5 बजे होगा। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद विजय बघेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक देवेन्द्र यादव, नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, अध्यक्ष छ.ग.राज्य हाथ करघा विकास एवं विपणन संघ भोजराम देवांगन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी शामिल होंगे।

## विकसित भारत यंग लीडर्स-2026 के लिए श्वेता श्रीवास का हुआ चयन



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बी.कॉम. अष्टम सेमेस्टर की छात्रा श्वेता श्रीवास का चयन विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रम 9 से 12 जनवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसका आयोजन युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। छात्रा ने इसके पूर्व कार्यक्रम वर्ष 2025 जनवरी में भी भागीदारी दी थी। इस चैलेंज में देशभर से 50 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें से एक पारदर्शी, बहु-आधारित तथा बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से लगभग 3000 फाइनलिस्ट्स का चयन किया गया।

### उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु समन (आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालयः-श्रीमती कामिनी जायसवाल, तृतीय व्यवहार,न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उत्तराधिकार प्रकरण क्र. सक्शेसन 04/26,
प्रोसेस क्र.- 18/26

अमनदीप चौहान //बनाम// कार्यालय सहायक श्रमायुक्त वगै.

प्रति,

आम जनता, जो कि आवेदक/गण अमनदीप चौहान द्वारा मृतक वशिष्ठ मुनि चौहान के नाम से अनावेदक (1) कार्यालय सहायक श्रमायुक्त (2) आम जनता के यहां जमा राशि को प्राप्त किये जाने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके कारण आपको इस न्यायालय में पेशी दिनांक 11-02-26 को प्रातः 11:00 बजे उक्त आवेदन का उत्तर देने के लिये उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपस्थित हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस आवेदन से संबधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो आवेदन एवं दावे का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। नोटः- यदि किसी कारणवश दी गई तारीख को किसी कारणवश अवकाश घोषित होता है या कार्य स्थगित होता है या पीठासान अधिकारी अवकाश पर चले जाते हैं तब प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जावेगी।

**यह सूचना आज दिनांक 14-01-26 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा लगाकर जारी किया गया।**

न्यायालयः-श्रीमती कामिनी जायसवाल, तृतीय व्यवहार,न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

### दस्तावेज गुमा

मैं निधि साहू आम लोगों को सूचित करती हूँ कि मेरा मूल दस्तावेज, छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10वीं बोर्ड, 12वीं बोर्ड की अंकसूची एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा जारी बी.काम. के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के प्रमाण पत्र, एम.काम. के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की अंकसूची, बी.एड. की अंकसूची, पी.जी.डी.सी.ए प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, छ.ग. निवासी प्रमाण पत्र जो कि एक फाइल में थी। रिसाली से मरोदा उतई रोड पर कहीं गुम हो गया है। जिसकी रिपोर्ट उतई थाना में दर्ज करा दी गई है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को मिले कृपया सूचित करें। उचित ईनाम दिया जायेगा।

**निधि साहू पिता चैनसिंग साहू**
पता- चन्द्र नगर, उमरपोटी पुराना पानी टंकी के पास, थाना-उतई तहसील दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो. : 88719-66819, 88896-66819

### न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)

**//सूचना//**

मामले का विषय-पुनरीक्षण प्रकरण
मामला का क्रमांक 386/अ-12/वर्ष 2023-24
पक्षकार-राजेन्द्र प्रसाद सोनी विरूद्ध शीला परगनिहा वगैरह

1. शीला परगनिहा पिता स्व. राज सिंह
2. संध्या बघेल पिता स्व. सेवेन्द्र सिंह
3. सत्यदेव सिंह पिता स्व. सेवेन्द्र सिंह
4. राकेश पिता स्व. सेवेन्द्र सिंह
5. कृष्णा पिता स्व. सेवेन्द्र सिंह

सभी निवासी-कातुलबोर्ड तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि पुनरीक्षणकर्ता राजेन्द्र प्रसाद सोनी पिता स्व. शंकर प्रसाद सोनी निवासी-नेहरू भवन रोड सुपेला, भिलाई तह व जिला-दुर्ग के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अपर कलेक्टर, दुर्ग के रा.प्र.क्र. 202308100200004/77 अ-12 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 10.07.2024 के विरुद्ध छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा-50 के तहत पुनरीक्षण प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 12.02.2026 दिन-गुरुवार को दोपहर 11.30 बजे स्थान-न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी।

अतः सुनवाई तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक 26.12.2025 — आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग
(मुहर)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202601101000018

विषयः- अ-6 अ — सन्ः- 2025-2026

**मामले की श्रेणीः- राजस्व**

कोहका प.ह.न. 00045 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार प्रवीणा कुशवाहा,
**अनावेदक पक्षकार -**

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकः प्रवीणा कुशवाहा पिता/पति/विभाग-इन्द्रमणि कुशवाहा पता-सुपेला द्वारा ग्राम - कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 8098 रकबा 0.01 हे. भूमि का राजस्व रिकार्ड में रकबा 0.014 हे. के स्थान पर 0.010 हो गया है जिसे सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 23/01/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा!

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/01/2026 को जारी किया जाता है।

(मुहर) — DIKESHWAR SAHU, अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर

**सन पब्लिक स्कूल चंदखुरी ने मनाया वार्षिक उत्सव**

# 10वीं-12वीं के स्कूल टॉपर्स का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भारती शैक्षणिक संस्थान समूह की ईकाई सन पब्लिक स्कूल चंदखुरी दुर्ग में संस्था का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण व उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग थे। विशेष अतिथि के रूप में भारती विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चंद्राकर, समूह की संयुक्त प्रबंध निदेशक शालिनी चंद्राकर, शाला प्रबंधन समीती के अध्यक्ष जय चंद्राकर, प्राचार्य फरहीना काजी, शाला प्रबंधक विजय यदु, पालक शिक्षक समिती के सदस्य उपस्थित थे।



सरस्वती वंदना से आयोजन की शुरूआत की गई। प्राचार्य फरहीना काजी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में गणेश वंदना की नृत्यमय प्रस्तुती, नर्सरी के बच्चों का जीवन के आरंभिक बचपन, दोस्ती और पढ़ाई को अभिव्यक्त करता नृत्य, नाटक के माध्यम से जीवन मूल्यों, देश के प्रति सम्मान को आत्मसात करने की शिक्षा तथा शिव तांडव नृत्य प्रमुख रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट हाउस का पुरस्कार रमन हाउस को तथा सर्वश्रेष्ठ कक्षा का पुरस्कार 11वीं को प्रदान किया गया। सत्र 2024 के शैक्षणिक सत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं सीबीएसई 10 वीं बोर्ड में 87 फीसदी अंक प्राप्त करने के लिए खुशी ठाकुर तथा कक्षा 12वीं बोर्ड में 91.2 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले पल्लवी साहू को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न क्रीडा स्पर्धा के विजेता और उपविजेता को गोल्ड मेडल तथा सिल्वर मेडल से पुरस्कृत किया गया। वहीं जूनियर विंग के बच्चों को शालिनी चंद्राकर ने क्रियाकलापों के लिए पुरस्कृत किया।

### शैक्षणिक उन्नति और सर्वांगीण विकास को दर्शाता है वार्षिक उत्सव

मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने बच्चों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करता है, बल्कि उनकी शैक्षणिक उन्नति और सर्वांगीण विकास को भी स्पष्ट रूप से दर्शाता है। समूह प्रमुख सुशील चंद्राकर ने अपने संबोधन में संस्थान के सतत विकास की अपनी प्रतिबध्दता को दुहराया। उप-प्राचार्य रचना सोनी ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संजना मार्था, धर्मेंद्र कोस्टा, जी. सुब्बा लक्ष्मी, रत्ना सोनी, हेमलता चेट्टी, प्रियंका साहू, योगिता उइके, प्रियंका तिवारी, शोभा भारदिया आदि का विशेष योगदान रहा।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# किसान, मजदूर अधिकारों को लेकर सभा को मिला धमधा किसान बंधु संगठन का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा, भूमि अधिग्रहण में हो रहे अन्याय तथा मेहनतकश वर्ग के सम्मान की लड़ाई को लेकर किसान-मजदूर अधिकार सभा का आयोजन ग्राम चंदखुरी (केनाल पारा) में संपन्न हुआ। इस सभा को किसान बंधु संगठन, धमधा ब्लॉक का समर्थन प्राप्त रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, मजदूर, महिलाएं एवं ग्रामीण नागरिक शामिल हुए, जिससे जनआक्रोश और एकजुटता स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

सभा में वक्ताओं ने रेलवे परियोजनाओं, विद्युत टावर लाइनों, भारतमाला सड़क परियोजना एवं पाइपलाइन निर्माण से प्रभावित किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। वक्ताओं ने कहा कि किसानों की सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण कर जबरन निर्माण कार्य किया जाना सरासर अन्याय है और इसे तत्काल रोका जाना चाहिए। साथ ही प्रभावित किसानों को उचित एवं न्यायसंगत मुआवजा देने की मांग की गई। सभा में 400 केवी एवं 132 केवी विद्युत लाइनों के लिए स्पष्ट मुआवजा नीति लागू करने, धान के समर्थन मूल्य का एकमुश्त भुगतान, मनरेगा में पांच माह कार्य बंद रखने की बाध्यता समाप्त करने, प्रधानमंत्री

## किसानों के हर मुद्दे में मेरा जीवन समर्पित : बाबा टेक सिंह



आवास योजना एवं पेंशन योजनाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान तथा सहकारी समितियों में शीघ्र चुनाव कराने की मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई गई।

इस कार्यक्रम के आयोजक ढालेश साहू (जनपद सदस्य) रहे। सभा को ढालेश साहू जनपद सदस्य, राकेश कौशिक मनरेगा श्रमिक संघ, रविप्रकाश ताम्रकार संयोजक, संयुक्त किसान मोर्चा, सुदेश टीकम जिला किसान संघ, राजनांदगांव एवं राजकुमार गुप्ता प्रगतिशील किसान संगठन ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि किसानों और मजदूरों के अधिकारों की अनदेखी अब स्वीकार नहीं की जाएगी और जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

किसान बंधु संगठन के संयोजक एवं किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, किसानों और मजदूरों के हर मुद्दे में मेरा जीवन समर्पित है। जब तक उन्हें न्याय और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। सभा के अंत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर शासन-प्रशासन से मांगों पर शीघ्र, ठोस एवं समयबद्ध कार्रवाई करने की अपील की गई। आयोजन शांतिपूर्ण रहा। आयोजकों द्वारा पेयजल सहित आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं और सफल आयोजन के लिए सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### सेलूद में मानस गान स्पर्धा 1 से 3 फरवरी तक

**सेलूद।** ग्राम सेलूद में 1, 2 एवं 3 फरवरी को त्रिदिवसीय सस्वर मानस गायन प्रतियोगिता 31 वां वर्ष तथा 3 फरवरी को मंडई मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शुभारंभ, दीप प्रज्वलित समारोह 1 फरवरी को मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री छग शासन व पाटन विधायक, अध्यक्षता देवेंद्र चंद्रवंशी सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, विशेष अतिथि खिलेश मारकंडे सरपंच सेलूद , राकेश साहू उपसरपंच सेलूद, सुरेन्द्र बंछोर ग्रामसभा प्रमुख समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 3 फरवरी को मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव मंत्री, स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग विधी एवं विधायी कार्य छग शासन, अध्यक्षता विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, विशेष अतिथि कीर्ति नायक होंगे। वहीं 3 फरवरी को मंडई एवं रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक सिरजन डौंडीलोहारा, जिला बालोद का कार्यक्रम होगा।

### कैरियर काउंसलिंग का कार्यक्रम कल

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी छत्रिय समाज पाटन राज के तत्वावधान में 21 जनवरी को कैरियर काउंसलिंग का कार्यक्रम लक्ष्मीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीतराई में दोपहर दो बजे आयोजित किया गया है। राजप्रधान युगल आडिल ने बताया कि इस कार्यक्रम में बढ़ो संगवारी संस्था रायपुर के सदस्यों द्वारा बच्चों को शिक्षा से संबंधित जानकारियां दी जाएगी। पाटन विधानसभा के सभी स्कूलों और कॉलेज में कैरियर काउंसलिंग और मोटिवेशनल कार्यक्रम मनवा कुर्मी समाज पाटन राज द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरएल ठाकुर सयुक्त संचालक दुर्ग संभाग, विशेष अतिथि एचएस वर्मा सेवानिवृत्ति उपसंचालक शिक्षा विभाग, भूपेंद्र वर्मा सेवानिवृत्त उपायुक्त पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, रश्मि भेद वर्मा जनपद सदस्य पाटन, प्राचार्य पी ओइका सेजस अशोक शर्मा, सत्यनारायण आदि मौजूद होंगे।

## निधन

### कुंती बाई चंद्राकर



**अंडा।** ग्राम अंडा आबादी पारा निवासी कुंती बाई चंद्राकर उम्र 70 वर्ष का 19 जनवरी को निधन हो गया। वे एमन चंद्राकर की मां व सोम (ईशु) चन्द्राकर के दादी थीं।

### काशी प्रसाद पाराशर



**भिलाई।** सेवानिवृत बीएसपी कर्मचारी काशी प्रसाद पाराशर (83 वर्ष) का निधन सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 जनवरी को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के भूतपूर्व जिला अध्यक्ष थे तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी जुड़े हुए थे।

### राजेश पटेल



**दुर्ग।** रेल सेवा में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत सेलटैक्स कॉलोनी गायत्री नगर निवासी राजेश पटेल (53 वर्ष) का निधन सोमवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार दोपहर 12 बजे तेलीबांधा श्मसान घाट में किया जाएगा। वे डॉ. एमएल नायक के दामाद, बीना पटेल के पति और आरुषि पटेल के पिता थे।

## अछोटी में गुहा निषादराज जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया

# सामाजिक एकता पर जोर देते हुए युवा पीढ़ी नशा पान से दूर रहकर कार्य करें : पूर्व मंत्री ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

**कक्षा 10 वीं और 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित**





दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भरदा चगोंरी परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अछोटी में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के अनन्य भक्त एवं सखा गुहा निषादराज जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया मनाया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। अध्यक्षता डॉक्टर घनश्याम निषाद ने की। विशेष अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज एवं गुडरण्देही विधायक कुंवर सिंह निषाद व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद, जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष बद्री प्रसाद, जिला एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ बिरेंद्र कुमार निषाद, पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, पूर्व सरपंच घनश्याम दिल्लीवार, पूर्व अध्यक्ष शिवनारायण दिल्लीवार, सचिव संतोष जलतारे प्रदेश अंकेक्षक मलेश निषाद की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान रामचंद्र श्रेंगवेरपुर के महाराजा गुहा निषाद राज गंगा पार करने वाले नत्था केवट की पूजा अर्चना से हुई। सर्वप्रथम कलश यात्रा निकाल कर गांव में भ्रमण किया मंच संचालन वीरू निषाद ने की।

अतिथि द्वारा प्रतिभाओं का सम्मान हुआ। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2024-25 में कक्षा 10 वीं और 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिससे विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। कार्यक्रम में सभी महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित रहे। जिससे आयोजन की गरिमा, सांस्कृतिक पहचान और भी सुदृढ़ हुई। कार्यक्रम का समापन समाज को और अधिक संगठित, शिक्षित व सशक्त बनाने के संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे शामिल हुए। जिला अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम निषाद ने संबोधित करते हुए निषाद समाज के योगदान को रेखांकित किया। समाज प्रमुखों ने सामाजिक एकता पर जोड़ देते हुए। युवा पीढ़ी नशा पान से दूर रहकर कार्य करने की बात कही।

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद ने संबोधित करते हुए। इस देश के कुर्बानी देने वाले समाज अपने हक अधिकार के लिए आज भी लड़ रहा है तथा अनुसूचित जाति मझवार की उपजातियां को परिभाषित करने का हो सरकारें वादा करती हैं लेकिन वोट लेने के बाद भूल जाती हैं या समाज अब जाग चुका है अपना हक अधिकार लेने के लिए एक बार पुनः लड़ाई करने का आह्वान किया। अधिकार मांगने से नहीं लड़ने से मिलेगा।

युवा अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार निषाद ने कहा कि जब तक निषादों को आरक्षण नहीं मिल जाता, उनका संघर्ष अब जारी रहेगा, युवाओं को आगे आकर यह लड़ाई उन्हें खुद अपने सम्मान, अधिकार और भविष्य के लिए लड़नी होगी।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम निषाद, जिला प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार निषाद, संतोष जलतारे संगठन सचिव ओमप्रकाश निषाद, जिला एवं प्रदेश अंकेक्षक मल्लेश निषाद, विनोद निषाद, राजकुमार निषाद, डीकेश्वरी निषाद, चोवा राम निषाद, नरेंद्र निषाद, सत्यभामा निषाद, हेमबती निषाद, सुमन निषाद, केसर निषाद, परिक्षेत्र अध्यक्ष हिन्छा राम निषाद, वीरू निषाद खिलेश्वर निषाद, भीम सिंह निषाद, सियाराम निषाद बड़ी संख्या में निषाद समाज के महिला पुरूष उपस्थित थे।

## विचक्षण जैन विद्यापीठ में अभिभावकों ने सीखे पेरेंटिंग के महामंत्र



**कुम्हारी।** स्थानीय विचक्षण जैन विद्यापीठ में अभिभावकों के लिए एक विशेष पेरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर सीए संतोष जैन रहे, जिन्होंने 300 से अधिक उपस्थित अभिभावकों को इफेक्टिव पेरेंटिंग के 6 महामंत्र सरल एवं रोचक शैली में बताए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एके सिंह द्वारा अभिभावकों के स्वागत भाषण से हुआ। इसके पश्चात ट्रस्ट मंडल के महासचिव राजेश गिड़िया ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी बच्चे के संपूर्ण विकास और सशक्त करियर निर्माण के लिए विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

मुख्य वक्ता सीए संतोष जैन ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार बच्चों को समय-समय पर छोटे-छोटे प्रोत्साहन और पुरस्कार देकर उनमें आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और बेहतर प्रदर्शन की भावना विकसित की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के 10 श्रेष्ठ विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही विद्यार्थियों ने भी मंच से अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि किस प्रकार विद्यालय उनके शैक्षणिक, नैतिक एवं सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर संस्था के ट्रस्ट मंडल से अध्यक्ष राजेश सावनसुखा, सुरेश कांकरिया आदि उपस्थित थे।

## पार्श्व तीर्थ -नगपुरा में प्रतिष्ठा की 31वीं वर्षगांठ पर उत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

तपोभूमि श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में माघ सुदी षष्ठमी 24 जनवरी को तीर्थ प्रतिष्ठा की 31 वीं सालगिरह वर्षगांठ ध्वजारोहण उत्सव आयोजित है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में एक मात्र प्राचीन तीर्थ नगपुरा में स्थित है। नगपुरा ऐतिहासिक एवं पुरातत्विक संदर्भों का स्थल है। यहां 23 वें तीर्थकर श्री पार्श्वनाथ प्रभु की प्राचीन-अद्वितीय प्रतिमा प्रतिष्ठित है। यह तीर्थ स्थल के रूप में विश्व विख्यात है। यहां देश-विदेश से हजारों श्रद्धालुओं का आगमन होता है। तीर्थ के अध्यक्ष गजराज पगारिया ने बताया कि आज से 31 वर्ष पूर्व 5 फरवरी 1995 माघ सुदी छठ को जैनाचार्य श्री लब्धि-विक्रम गुरुकृपा प्राप्त आचार्य श्रीमद् विजय राजयश सूरीश्वर के वरद हस्ते इस तीर्थ की प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई थी। तत्कालीन मैनेजिंग ट्रस्टी, तीर्थ के संस्थापक स्व. रावलमल जैन मणि, के नेतृत्व में देशभर के असंख्य श्रद्धालुओं के समर्पण, श्रद्धा और आस्था के साथ विशाल साधु-साध्वीवृंद, जनसमुदाय की गरिमामयी उपस्थिति में ऐतिहासिक प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई थी। आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय राजयश सूरीश्वर की आज्ञानुवर्तिनी महान शासन सेविका, साध्वी वाचंयमा, साध्वी लक्ष्ययशा श्रीजी, साध्वी लब्धियशाश्रीजी, साध्वी आज्ञायशा की मंगलकारी निश्रा में तीर्थ संकुल के मंदिरावली में एक साथ 56 शिखरों पर ध्वजारोहण होगा।

## नपा कचरा ढोने वाली गाड़ी के चालक ने पहले गाय को मारी टक्कर और फिर ट्रक से भिड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



नगर में सोमवार दोपहर करीब 3.30 बजे एक बड़ी लापरवाही सामने आई, जब नगरपालिका की एक कचरा ढोने वाली गाड़ी के चालक ने नशे की हालत में वाहन चलाते हुए सड़क पर जमकर उत्पात मचाया। इस घटना में चालक ने पहले एक गाय को जोरदार टक्कर मारी और उसके बाद सामने से आ रहे एक ट्रक में जा घुसी। घटना के बाद वहां तनाव की स्थिति निर्मित हो गई और आक्रोशित कुछ वार्डवासियों ने नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वार्ड क्रमांक चार महामाया रोड स्थित शिव मंदिर के समीप हुई। कचरा गाड़ी का चालक बाजार चौक की ओर से आ रहा था। बताया जा रहा है कि चालक पूरी तरह नशे में था और वाहन पर उसका नियंत्रण नहीं था।

सबसे पहले ड्राइवर ने धान मंडी, आलू प्याज दुकान के पास सड़क किनारे बैठी एक गाय को अपनी चपेट में लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाय हवा में उछलकर दूर जा गिरी। गनीमत रही कि कुछ समय बाद गाय संभलकर खड़ी हो गई।

कचरा गाड़ी का चालक इस कदर नशे में था कि उसे सामने से आती गाड़ियों का भी अंदाजा नहीं था। दूसरी ओर से आ रहे ट्रक के चालक ने जब देखा कि कचरा गाड़ी अनियंत्रित तरीके से उसकी ओर आ रही है, तो उसने अपनी गाड़ी की गति धीमी कर ली ताकि टक्कर से बचा जा सके। इसके विपरीत, कचरा गाड़ी के चालक की लापरवाही से सीधे ट्रक में जा घुसी जिससे कचरा गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक स्वयं भी चोटिल हो गया।

इस भिड़ंत में कचरा गाड़ी के चालक को गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद उसे पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए ले जाया गया है।

हादसे के बाद वार्ड चार के निवासियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया।

एक स्थानीय निवासी ने कहा कि चालक की लापरवाही के कारण आज किसी मासूम की जान भी जा सकती थी।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार व डिस्काउंट



**भिलाई।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है।

श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।

## 108 पार्थिव शिव लिंग का रुद्राभिषेक कर किया पूर्णाहुति

# गायत्री साक्षात कामधेनु, वेदों की उत्पत्ति के कारण जाता है वेदमाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम



गायत्री प्रज्ञा पीठ निकुम में शिव पुराण की कथा में शिव गायत्री मंत्र जाप से कथा पंडाल में 108 पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक श्रद्धालुओं ने किया। वहीं शिव कथा मां गायत्री की महिमा बताते हुए प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार दीन ने कहा कि वेदों की उत्पति के कारण इन्हें वेदमाता कहा जाता है।

समस्त ज्ञान की देवी भी गायत्री हैं इस कारण गायत्री को ज्ञान-गंगा भी कहा जाता है। माना जाता है कि सृष्टि के आदि में ब्रह्मा जी पर गायत्री मंत्र प्रकट हुआ। मां गायत्री की कृपा से ब्रह्मा ने गायत्री मंत्र की व्याख्या अपने चारों मुखों से चार वेदों के रूप में की। आरंभ में गायत्री सिर्फ देवताओं तक सीमित थी लेकिन जिस प्रकार भागीरथ कड़े तप से गंगा मैया को स्वर्ग से धरती पर उतार लाए उसी तरह विश्वामित्र ने भी कठोर साधना कर मां गायत्री की महिमा अर्थात गायत्री मंत्र को सर्वसाधारण तक पंहुचाया। वेद, शास्त्र और पुराण तो गायत्री मां की महिमा गाते ही हैं।

अथर्ववेद में मां गायत्री को आयु, प्राण, शक्ति, कीर्ति, धन और ब्रह्मतेज प्रदान करने वाली देवी कहा गया है। वहीं सभी को महा भंडारा में भोजन प्रसादी मिला। इस अवसर पर माधव प्रसाद देशमुख ने कहा सभी मिलकर धर्म रथ में सहयोग किए, वहीं प्रज्ञा पुत्र हर सेवक मेश्राम ने कहा कि सभी गायत्री मंत्र महामंत्र है इसे अपने जीवन में जरूर अपनाएं, घर समाज में संस्कार से गुरुदेव आचार्य श्री राम के विचारों से नए युग की शुरुआत हो, इस पर आयोजक प्रमुख के वरिष्ठ चिमनलाल देशमुख पंचराम देशमुख माधव प्रसाद देशमुख, निखिल साहू, हेमराज निर्मलकर, रेखा मेश्राम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने शुरू किया बॉब केंद्रीय सरकार कर्मचारी वेतन खाता

**भिलाई।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए विशेष वेतन खाता पैकेज बॉब केंद्रीय सरकार कर्मचारी वेतन खाता की शुरुआत की है। इस योजना का शुभारंभ वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव एम नागराजू ने किया। यह वेतन खाता केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एक संपूर्ण बैंकिंग समाधान के रूप में तैयार किया गया है। इसमें उन्नत वेतन खाता सुविधाओं के साथ व्यापक बीमा कवर और प्रीमियम कार्ड लाभ शामिल हैं, जिससे कर्मचारियों को वित्तीय सुरक्षा और सुविधा दोनों मिल सके। बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. देवदत्त चांद ने कहा कि बैंक को केंद्र सरकार के कर्मचारियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस समग्र वेतन खाता पैकेज को लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। यह योजना बचत, ऋण और सुरक्षा लाभों को एक साथ जोड़ती है, ताकि सभी वर्गों के कर्मचारियों को बेहतर बैंकिंग अनुभव, वित्तीय सुरक्षा और मानसिक शांति मिल सके। बॉब केंद्रीय सरकार कर्मचारी वेतन खाता के अंतर्गत कर्मचारियों को कई महत्वपूर्ण लाभ दिए जा रहे हैं। खाते के साथ 3 लाख रुपए तक की तत्काल ओवरड्राफ्ट सुविधा मिलेगी। आजीवन निःशुल्क प्रीमियम डेबिट और क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी जाएगी। 1.5 करोड़ रुपए तक का निःशुल्क व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर और 15 लाख रुपए तक का निःशुल्क जीवन बीमा कवर भी शामिल है। इसके अलावा रिटेल ऋण पर प्रोसेसिंग शुल्क में 100 प्रतिशत तक की छूट, ब्याज दरों में रियायत व लॉकर शुल्क पर 60 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। ग्राहकों को एटीजीएस, एनईएफटी, आईएमपीएस, चेक बुक और एसएमएस अलर्ट जैसी कई बैंकिंग सेवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध होंगी।

# धान की बढ़ाई लिमिट, वेरीफिकेशन करेंगे नोडल अधिकारी और पटवारी

## धान खरीदी के महज दस दिन बाकी, लिमिट के हिसाब से अब कटेगा किसानों का टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खबर का असर

लिमिट बढ़ाने की लंबे समय से मांग कर रहे किसानों के लिए राहत बड़ी खबर है। धान खरीदी के लिए महज दस दिन बाकी है लेकिन हजारों किसान धान नहीं बेच पाए हैं। मौजूदा हालात को देखते हुए अब धान खरीदी की लिमिट बढ़ा दी है। अब किसानों को अपने बढ़े हुए लिमिट के हिसाब से टोकन मिलेगा। इसके लिए किसानों को सोयायटी में यह आवेदन करना है कि उनके पास कितना धान बेचने के लिए शेष है। आवेदन का वेरीफिकेशन नोडल अधिकारी और पटवारी करेंगे। वेरीफिकेशन होने के बाद उतने धान का टोकन जारी किया जाएगा।

### जिले में अब तक हो चुकी 438611 मीट्रिक टन धान खरीदी

दुर्ग जिले में 87 सहकारी समितियों के माध्यम से 102 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जा रही है। अब तक 4,38,611 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। 1,03,970 लाख रुपए की लागत से यह खरीदी की गई है। खास बात यह है कि इस बार 616435 मीट्रिक टन धान खरीदी का टारगेट तय किया गया है। इस टारगेट को पूरा करने के लिए खरीदी लिमिट बढ़ाई गई है।

### 28364 किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

लिमिट बढ़ोतरी करने से दुर्ग जिले के 28364 किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। इसलिए कि इतने किसान अभी अपनी उपज नहीं बेच पाए हैं। इन किसानों में से कई किसान ऐसे हैं जो केवल एक बार ही धान बेच पाए हैं। दोबारा धान बेचने के लिए लिमिट बढ़ाने का इंतजार कर रहे थे। किसान अपनी सोसायटी में जितनी उपज बाकी है उतना धान और बेचने के लिए आवेदन कर सकते हैं।





लिमिट नहीं बढ़ने से जिले के सभी किसानों की उपज नियत अवधि तक खरीदी संशय

लिमिट नहीं बढ़ने से 66 उपार्जन केंद्र में बफर लिमिट पार, 14 केंद्र में 40 हजार क्विं. से ज्यादा धान जाम

इन केंद्रों में 40 हजार से क्विंटल से ज्यादा धान जाम

### इस तरह होगा वेरीफिकेशन

लिमिट बढ़ाने के बाद आवेदनों का सत्यापन किया जाएगा। मसलन यदि किसी किसान के पास धान बाकी है तो उसे आवेदन में ब्योरा देना है कि कितना धान बाकी है। इस आवेदक किसान का पोर्टल पर रकबा पहले से एंट्री है। पोर्टल के माध्यम से पटवारी रकबा का सत्यापन करेगा। उसके बाद नोडल अधिकारी जितना धान का वेरीफिकशन होगा उतने के लिए टोकन संबंधित आवेदक किसान को जारी कर देगा।

### 240735 मीट्रिक टन का हुआ उठाव

जिला प्रशासन के हिसाब से उपार्जन केन्द्रों से धान की उठाव भी तेजी से होने लगी है। उठाव हेतु 2,40,735.14 मीट्रिक टन धान का डीओ जारी हुआ है। अब तक उपार्जन केन्द्रों से 1,73,852.22 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। सबसे ज्यादा धान का उठाव चंदखुरी उपार्जन केंद्र में हुआ है। यहां 83.50 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है। कोलिहापुरी उपार्जन केंद्र में 83.18 प्रतिशत, कोड़िया दुर्ग उपार्जन केंद्र में 82.84 प्रतिशत, कंरजाभिलाई उपार्जन केंद्र में 82.42 प्रतिशत, कोहका उपार्जन केंद्र में 81.81 प्रतिशत, ननकट्ठी उपार्जन केंद्र में 81.36 प्रतिशत धान उठाव किया गया है।

### रकबा भी समर्पण हो रहा किसानों का

धान बेचने के पश्चात रकबा समर्पण करने आगे आ रहे हैं। जिससे बिचौलियों को अपनी धान खपाने का अवसर नहीं मिला है। जिले में अब तक धान बेच चुके 47575 कृषकों ने 1,386.29 हेक्टेयर रकबा समर्पण कर चुके हैं। उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने के लिए पहुंचने वाले किसानों हेतु जिला प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध किया गया है। वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है। इसके तहत केन्द्रों में 23,60,036 बारदाने उपलब्ध है।

### धान खरीदी की लिमिट बढ़ी

धान खरीदी की लिमिट बढ़ा दी गई है। जिन किसानों के पास धान विक्रय हेतु शेष हैं वे संबंधित सोसायटी में आवेदन करें। आवेदन का वेरीफिकेशन के बाद उस हिसाब से टोकन जारी किया जाएगा।

**राहुल सिंह**, डीएमओ विपणन संघ

---

## खबर संक्षेप

### भिलाई नगर निगम का घेराव आज

**भिलाई।** जनसमस्याओं के मुद्दों को लेकर हिन्दू युवा मंच द्वारा 20 जनवरी को दोपहर करीब 12.30 बजे नगर निगम भिलाई का घेराव किया जाएगा। बताया जाता है कि हिन्दू युवा मंच के पदाधिकारी पहले सुपेला घड़ी चौक पर इकट्ठे होंगे। वहां से रैली निकालते हुए नगर निगम पहुंचेंगे।

### सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ का प्रदर्शन आज

**भिलाई** । सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ भिलाई द्वारा रिटेंशनधारियों के किराया वृद्धि को वापस लेने की मांग को लेकर मंगलवार को 10 बजे नगर सेवाएं विभाग कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया जाएगा। संघ के कोर ग्रुप के सुरेशचंद ने बताया कि महाप्रबंधक बीएसपी को ज्ञापन सौंपकर आवासों को नियमित करने, वर्तमान स्थिति को यथावत रखने की मांग करेंगे। उन्होंने सभी रिटेंशधारियों से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

### डाकघर के खातों में इलेक्ट्रॉनिक केवाईसी शुरू




**भिलाई।** भारतीय डाक विभाग द्वारा अपने खाताधारकों की सुविधा, सुरक्षा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए डाकघर के सभी बचत खातों में इलेक्ट्रॉनिक केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसका उद्देश्य खाताधारकों की पहचान एवं पते का सत्यापन डिजिटल माध्यम से सरल, तेज़ एवं सुरक्षित तरीके से सुनिश्चित करना है।
प्रवर अधीक्षक डाकघर सिविक सेंटर भिलाई के अनुसार इ-केवाईसी प्रक्रिया के अंतर्गत खाताधारक के आधार नंबर के माध्यम से बायोमेट्रिक अथवा ओटीपी सत्यापन किया जाता है, जिससे कागजी दस्तावेज़ों की आवश्यकता नहीं रहती और केवाईसी प्रक्रिया तुरंत पूर्ण हो जाती है। यह सुविधा डाकघर बचत खाता, आवर्ती जमा, सावधि जमा, मासिक आय योजना, लोक भविष्य निधि, राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र और बचत योजनाओं के लिए लागू है। डाक विभाग ने खाताधारकों से इलेक्ट्रॉनिक केवाईसी कराने की अपील की है।

---

ई संवर्ग के 314, ई एलबी संवर्ग के 386, टी संवर्ग के 26 व टी एलबी संवर्ग के 54 शिक्षक शामिल

# दुर्ग संभाग के 780 शिक्षक पदोन्नत होकर बने पूर्व माध्यमिक प्रधानपाठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग संभाग के 780 शिक्षकों को पदोन्नति दे दी गई है। ये पदोन्नत शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय दुर्ग संभाग ने 780 शिक्षकों को पदोन्नति देकर माध्यमिक प्रधानपाठक बनाने वाला प्रदेश में पहला संभाग हो गया है,जिसने इस सत्र में पदोन्नति दी हो। दुर्ग संभाग में इसके पूर्व भी मिडिल एचएम की पदोन्नति हो चुकी है, जबकि प्रदेश के अन्य संभाग में यह प्रक्रिया उलझी हुई है।

### हरिभूमि ने की थी खबर प्रकाशित



संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग कार्यालय में डीपीसी की तैयारी

700 शिक्षकों को मिडिल हेडमास्टर के खाली पदों पर मिलेगी पदोन्नति

### जानिए कहां किस संवर्ग के शिक्षक हुए पदोन्नत

दुर्ग संभागीय शिक्षा द्वारा जारी पदोन्नति आदेश के मुताबिक ई संवर्ग के 314, ई एल बी संवर्ग के 386 तथा टी संवर्ग के 26, टी एलबी संवर्ग के 54 शिक्षकों को पदोन्नत किया गया है। इसमें दुर्ग जिले के अलावा बालोद जिला, बेमेतरा जिला, राजनांदगांव जिला, मानपुर-मोहला जिला, खैरागढ़- छुईखदान जिला और कबीरधाम जिले के शिक्षक शामिल हैं। इन जिले के शिक्षकों को पदोन्नति दी गई है।

### इस तरह हुआ वरिष्ठता का आंकलन

सपदोन्नति में शिक्षक (एल. बी) / प्रधान पाठक प्राथमिक शाला (एल.बी संवर्ग से पदोन्नत) पद पर वरिष्ठता 1.07.2018 शि. (पं./न.नि) के पद पर वरिष्ठता 30.08.2006. स.शिपंचा/न.नि. पद पर नियुक्ति 31.08.1998 (जन्मतिथि 06.05.1969) तक की वरिष्ठता वाले को पदोन्नति दी गई है। पदोन्नति आदेश में उल्लेखित अनुसार यदि किसी शिक्षक (एलबी) / प्रधान पाठक प्राथ.शाला (एल. बी संवर्ग से पदोन्नती की पदोन्नति त्रुटिपूर्ण हुई हो तो इसका प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल इस कार्यालय को भेजा जावे ताकि प्रकरण पर अग्रिम कार्यवाही किया जा सके।

### इसलिए मेहनत रंग लाई

त्वरित और निर्बाध पदोन्नति प्रक्रिया सम्पन्न हो इसके लिए शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारी लगातार जेडी कार्यालय से सम्पर्क बनाये रखे। संगठन का प्रतिनिधिमंडल कई बार अधिकारियों से मिलते रहा और पदोन्नति जल्दी ,सरल, त्रुटिरहित और पारदर्शी हो इसके लिए सतत प्रयास किया। संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर, सहायक संचालक के के शुक्ला व शाखा लिपिकों ने सुझावों पर अमल किया। जिससे यह पदोन्नति आदेश निकल सका है।

### स्कूलों की बढ़ेगी गुणवत्ता और अनुशासन

स्कूलों में गुणवत्ता और अनुशासन स्थापित करने के लिए मिडिल प्रधान पाठक के 780रिक्त पदों पर पदोन्नति आदेश जारी किया है। तत्परता के साथ त्वरित पदोन्नति के लिए जेडी कार्यालय के संयुक्त संचालक सहित समूचा स्टॉफ बधाई के पात्र हैं। संघ के भरोसा है कि सभी पदोन्नत होकर प्रधानपाठक बनने वाले शिक्षक साथी अपने अपने विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास हेतु भरसक प्रयास कर गुणवत्ता और अनुशासन स्थापित करने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे।

**चंद्रशेखर तिवारी**, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष शालेय शिक्षक संघ छग

### इस वेतनमान का मिलेगा लाभ

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर के द्वारा जारी छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा संवा (शैक्षिक एव प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2019 में निहित प्रावधान अनुसार निधर्धारित न्यूनतम अनुभव 5 वर्ष पूर्ण कर चुके शिक्षकों को शामिल किया गया है। 10.02.2021 में दिए गए निर्देशानुसार संभाग स्तरीय विभागीय पदोन्नति/छानबीन समिति द्वारा किये गये अनुशंसा पर शिक्षक (एल.बी)/ प्रधानपाठक .प्राथमिक शाला (एल.बी संवर्ग से पदोन्नत) / संगीत शिक्षक (स्नातक एवं प्रशिक्षित) ई संवर्ग को प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला (ई संवर्ग) के पद पर पदोन्नति दी गई है। पदोन्न्ति के बाद वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे 4300 (लेबल 9) हो गया है।

### काउंसलिंग से होगी पदस्थापना

दुर्ग संभाग के पदोन्नत शिक्षकों की काउंसलिंग से पदस्थापना होगी। इसके लिए तिथि तय की जाएगी। रिक्त पदों पर पदोन्नत होने से शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य और बेहतर ढ़ग से गढ़ सकेंगे। शिक्षा गुणवत्ता अभियान में दुर्ग जिला को मॉडल बनाने का दायित्व हम सबको मिला है।

**आरएल ठाकुर**, जेडी, दुर्ग संभागीय शिक्षा गुणवत

---

# अटल टिंकरिंग लैब से नई पीढ़ी को संवार रहा बीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ विद्यार्थी वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सीख रहे नवाचार

भिलाई इस्पात संयंत्र केवल इस्पात उत्पादन तक सीमित एक औद्योगिक उपक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा, नवाचार और मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में भी दीर्घकालिक दृष्टि रखने वाला संस्थान है।

इसी सोच के अनुरूप संयंत्र द्वारा संचालित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। सेक्टर-10 स्थित बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब नई पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीकी दक्षता विकसित करने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरी नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के तहत स्थापित यह अटल टिंकरिंग लैब सेल के अंतर्गत पहली लैब है।इसका उद्घाटन 2019 को सेल के निदेशक अतुल श्रीवास्तव द्वारा किया गया था। वातानुकूलित और आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित यह लैब विद्यार्थियों को पारंपरिक कक्षा-कक्ष शिक्षण से आगे बढ़कर हैंड्स-ऑन लर्निंग का अवसर प्रदान करती है।

### अत्याधुनिक लैब में खोजते हैं समाधान

इस अत्याधुनिक लैब में 3-डी प्रिंटर, रोबोटिक्स किट, डी-आई-वाई किट, रास्पबेरी-पाई, आर्डुइनो यूएनओ एवं नैनो बोर्ड, माइक्रोकंट्रोलर, सेंसर, स्टेम लर्निंग किट और इंटरैक्टिव बोर्ड जैसे आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं, जिसे विद्यार्थी सीखते हैं और काम करते है। एक समय में 40 से अधिक विद्यार्थी यहाँ प्रयोगात्मक गतिविधियों में भाग लेकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एस्टेम) आधारित समस्याओं के समाधान खोजते हैं। अटल टिंकरिंग लैब की गतिविधियाँ केवल विद्यालय तक सीमित नहीं हैं। बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 में ग्रीष्मावकाश व शीतावकाश में दो विशेष कार्यशालाओं का आयोजन करती है। छात्रों को रोबोटिक्स, 3-डी प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स के साथ-साथ बुनियादी इलेक्ट्रॉनिक्स परियोजनाओं के निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। विद्यार्थियों द्वारा यूट्यूब चैनल भी संचालित किया जा रहा है।

### मैक इन सिलिकान में मारी बाजी

लैब प्रभारी व गणित शिक्षक टीके साहू बताते हैं कि लैब सभी जिज्ञासु विद्यार्थियों के लिए खुला मंच है। किसी भी विद्यार्थी को प्रत्येक शनिवार अथवा शासकीय अवकाश के दिनों में यहाँ आकर नई तकनीकें सीखने और अपने प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने का अवसर मिलता है।लैब से जुड़े विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। "मेक इन सिलिकॉन" जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 के कक्षा 11 के विद्यार्थियों आलौकिक चौधरी, अभिजय चौधरी एवं आमीन खान ने हेल्थ-केयर सेक्टर से संबंधित अपने नवाचार के माध्यम से द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

---

# निगम क्षेत्र के बकाएदारों से 1.90 लाख की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत लगातार कुर्की दल द्वारा बकाया करों की वसूली हेतु कार्यवाही किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर गठित कुर्की दल ने जोन क्रमांक- 3 एवं 5 क्षेत्र के बकायादारों से 1.90 लाख रूपये वसूल किये हैं।

नगर निगम भिलाई क्षेत्र के बकायादारों से संपत्तिकर की लंबित राशि की वसूली हेतु कुर्की दल का गठन किया गया है। कुर्की दल बकायादारों से संपर्क कर रहे है, कुर्की दल द्वारा बकायादारों को समझाया जा रहा है कि मौके पर ही अपने भवन अथवा भूमि का बकाया संपत्तिकर की राशि भुगतान कर दें। अन्यथा संपत्ति कुर्की कर बकाया राशि वसूल किया जाएगा। कुर्की के डर से बचने भूमि अथवा भवन स्वामी मौके पर ही राशि 1,90,910 रुपए जमा किये है। नगर निगम भिलाई द्वारा नागरिको से अपील की है कि अपने बकाया संपत्तिकर की राशि जल्द ही निगम कोष में जमा कर दें, अन्यथा की स्थिति में संपत्ति को कुर्की कर राशि वसूल किया जायेगा। जिसकी जवाबदारी भवन, भूमि स्वामी के स्वयं की होगी।

# धान खरीदी केंद्रों में लिंकिंग टोकन की मांग तेज, किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



धान खरीदी केंद्रों में किसानों को हो रही परेशानी को लेकर सहकारी समितियों से जुड़े किसानों ने लिंकिंग के लिए टोकन काटने की व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई है। इसी मांग को लेकर सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप और खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के नाम सौंपा गया।

किसान नेता विनायक ताम्रकार ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के कारण बड़ी संख्या में किसान समय पर धान बेचने से वंचित हो रहे हैं। किसान नेताओं के अनुसार प्रदेश में 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से करीब 34 लाख पंजीकृत किसान कृषि कार्य कर रहे हैं। इन किसानों ने जिला सहकारी बैंकों से लगभग 7000 करोड़ रुपये का ऋण खाद, बीज और नगद के रूप में लिया है। टोकन नहीं कटने और खरीदी लिमिट नहीं बढ़ने से किसान धान नहीं बेच पा रहे हैं, जिससे उनके खाते एनपीए होने की आशंका बढ़ गई है। ऐसी स्थिति में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज के बजाय 13.25 प्रतिशत ब्याज चुकाना पड़ सकता है। विनायक ताम्रकार ने कहा कि मौजूदा प्रणाली में किसानों को बार-बार अनावश्यक इंतजार करना पड़ता है। इससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती है। लिंकिंग टोकन की व्यवस्था लागू होने से धान खरीदी प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और किसान हित में होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान कलेक्टर ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा दुर्ग के पूर्व जिलाध्यक्ष विनायक ताम्रकार के साथ जिला मीडिया प्रभारी भास्कर तिवारी, पार्षद जितेंद्र ताम्रकार, राहुल साहू, अभिजीत ताम्रकार, मनीष ठाकुर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनीष देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अतिरिक्त निर्माण को निगम के राजस्व टीम ने रोका



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन-4 शिवाजी खुर्सीपार क्षेत्र में अतिरिक्त निर्माण को राजस्व टीम ने रूकवाया। शिकायतकर्ता चंद्रशेखर पाण्डेय ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराया है कि सुभाष पाण्डेय द्वारा अपने भूमि पर अतिरिक्त निर्माण किया जा रहा है। प्राप्त शिकायत के आधार पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-4 के राजस्व विभाग की टीम द्वारा अतिरिक्त निर्माण को रूकवाया है। सुभाष पाण्डेय को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास मिला हुआ है, जितने भूमि पर मकान निर्माण किया जाना था, उससे अतिरिक्त भूमि पर निर्माण किया जा रहा था। राजस्व टीम एवं पीएम आवास के अभियंताओं द्वारा मौके पर पहुंचकर काम को रूकवाया गया। काम रोकने संबंधित से लिखित में लिया गया है। कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, सुनील जोशी, वीजेन्द्र परिहार, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, पीएम आवास के अभियंतागण सहित बेदखली टीम के कर्मचारी उपस्थित रहें।

---

## रोज सड़कों पर दौड़ रहे लाखों निजी, कर्मशियल व पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्हीकल

# टाउनशिप में बढ़ा ट्रैफिक, आवारा मवेशियों व सिमटती सड़कों से दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के प्रमुख मार्गों पर बढ़ता ट्रैफिक अब सुबह शाम जाम के हालात के साथ आए दिन दुर्घटनाओं को भी दावत दे रहा है। निरंतर बढ़ रहे वाहन,सिमटती पुरानी सड़कों और कमर्शियल गाड़ियों की आवाजाही और आवारा मवेशी लोगों पर भारी पड़ रहे हैं।

कुछ साल पूर्व तक खुले स्पेस और चौड़ी सड़कों वाला बीएसपी टाउनशिप अब वाहनचालकों के साथ पैदल चलने वालों के लिए भी सुरक्षित नहीं रह गया है। मुख्य सड़कों के साथ सेक्टरों के अंदर की सहायक सड़कों से लेकर क्रास स्ट्रीट तक ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही है। इसके चलते निरंतर बढ़ रही दुर्घटनाओं में लोग घायल होने से हेड इंजुरी के साथ हाथ पांव फैक्चर हो रहे हैं। सेंट्रल एवेन्यू, 32 बंगला पावरहाउस गैराज रोड,डीपीएस रिसाली सड़क,नेहरू नगर स्टील क्लब रोड, जेपी चौक रोड और सेक्टर 1 व उतई रोड सहित दर्जनभर मुख्य सड़कों पर सुबह और शाम ड्यूटी और स्कूल तथा शापिंग टाइम सर्वाधिक ट्रैफिक होता है। हालात जाम के साथ दुर्घटनाओं वाले होते हैं। पिछले मात्र पखवाड़े भर में सेंट्रल एवेन्यू,एमजीएम रोड व गैराज रोड में नौ दुर्घटनाए हो चुकी हैं। तीन हेड इंजरी व चार कंधा व पावं फैक्चर से ग्रस्त लोगों को सेक्टर नौ हास्पिटल व जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल मड़ौदा निवासी रितेश बेनर्जी ने बताया कि एमजीएम स्कूल के सामने रोज जाम लगता है। स्कूटी की टक्कर से हेड इंजुरी के शिकार हुए। वहीं बुधवार को स्टील क्लब रोड में हुई एक अन्य दुर्घटना में घायल दीपेश को मेकाहारा रेफर किया गया। उल्लेखनीय है कि टाउनशिप लोकल व बाहरी गाड़ियों की आवाजाही से ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही है। दुर्ग, रायपुर, पाटन और पावरहाउस क्षेत्र यानी चारों ओर की गाड़ियों का ट्रैफिक टाउनशिप से गुजरता है। वहीं सेक्टरों में घर घर में दो से तीन वाहन हैं।



### क्रॉस स्ट्रीटों का हों संधारण

टाउनशिप की प्रमुख सड़कों से लेकर अंदर की क्रास स्ट्रीट तक आवारा मवेशियों की समस्या लाइलाज होती जा रही है। रहवासियों ने बताया कि दुर्घटनाओं की सबसे बड़ी वजह सड़कों का चौड़ीकरण व टूलेन नहीं होने के साथ आवारा मवेशी और नशे में गाड़ी चलाना है। हजारों आवारा जानवरों का जमावड़ा सड़कों पर लगा होता है। इनसे आए दिन दोपहिया वाहनों के टकराने से लोग घायल होकर हाथ पांव तोड़वा रहे हैं। खटालों के मवेशियों के साथ पालूत गाय बछड़े भी लोग चारे की समस्या से बचने के लिए दूध दुहकर सड़कों पर मरने मारने के लिए छोड़ दे रहे हैं।

### चौक के साथ सड़कें भी हों चौड़ीं

टाउनशिप में पिछले कुछ सालों में गाड़ियों के साथ बेहिसाब ट्रैफिक भी बढ़ा है। लेकिन इसके अनुरूप सड़कों का चौड़ीकरण नहीं किया गया है। बीएसपी द्वारा चौक और रेल व डीपीएस चौक रोड, स्टील क्लब रोड की तरह सभी प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण व टूलेन में परिवर्तित किए जाने की मांग की जा रही है। वहीं सेंट्रल एवेन्यू पर भी सेक्टर 3 की तरह फ्लाईओवर का निर्माण किए जाने की जरूरत है। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार बताते हैं कि सभी मुख्य सड़कों के चौड़ीकरण के साथ क्रास स्ट्रीट का भी संधारण किया जाना चाहिए। साथ ही जरूरत के अनुरूप ट्रैफिक पोस्ट बना ट्रैफिक सिपाही की तैनाती भी हो।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129


डॉग का हुआ मेडिकल टेस्ट



## सिटी इवेंट

### लोक कला महोत्सव का 24 और 25 को, डॉ. रमन होंगे मुख्य अतिथि



**भिलाई।** जय ज्योति पंथी कला समिति और कुरुद ग्रामवासियों के सयुंक्त तत्वाधान में संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से भिलाई का उत्सव कुरुद लोक कला महोत्सव का आयोजन 24 और 25 जनवरी को किया जायेगा। साथ ही 26 जनवरी को भव्य मंडई का आयोजन रखा गया है। जिसमें 24 जनवरी को मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, विधायक रिकेश सेन शामिल होंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 25 जनवरी की शाम को सर्व समाज कल्याण समिति अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह और रात में छत्तीसगढ़ी फ़ल्मि के निर्देशक, निर्माता मोहित साहू उपस्थित रहेंगे। साथ ही छ. ग. के नामचीन कलाकार अनुराग शर्मा, हेमलाल चतुर्वेदी, दिलीप षडंगी, संजय सुरीला, मोना सेन, प्रकाश अवस्थी, अनुकृति चौहान, गरिमा ठाकुर, दिलेश साहू, सुनील तिवारी सभी दिग्गज कलाकार महोत्सव मे उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक विधाएं पंथी, पंडवाणी, सुवा, कर्मा, ददरिया, राउत नाचा, बॉसगीत, भरथरी, हास्य प्रसंग, लोक संस्कृति कार्यक्रम के कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है। जय ज्योति पंथी कला समिति के संयोजक पद्मश्री डॉ. उषा बारले एवं अध्यक्ष मोहनदास चतुर्वेदी के नेतृत्व मे यह आयोजन होगा।

समिति के सचिव संजय गायकवाड़ ने यह बताया है कि लोक महोत्सव के आयोजन की तैयारी व्यापक रुप से चल रही है। जिसमें कैलाश चतुर्वेदी, नरेंद्र निषाद, अजय साहू, द्वारिका चंद्रवंशी, विनोद चतुर्वेदी, बलराम साहू, विनोद साहू, मन्नू वर्मा, हरीशचंद्र साहू, मयंक गुप्ता, डॉ शिव पात्रे, संतोष, संजीत, राजेश, देवेंद्र, टोपेश, पिंटू, राजु लाल, फूलन दास, दीपेश, गुंजन, राजकुमार, अर्जुन साहू, शिव साहू, प्रदीप कुलदीप, रवि बांधे, पिंकू सोनी, मनीष, खेम भैया, ईश्वर कुजूर, संतोष वर्मा,सोनू सुनहरे मनोज देशलहरे, सुभाष सुनहले, संतोष भैया, भेक सिंग आदि हजारों की संख्या मे लोग उपस्थित रहेंगे।

## लाइव इवेंट

### कुपोषित बच्चों व गर्भवती को प्रोटीन विटामिन युक्त बांटे गए आहार



**भिलाई।** सिग्नेचर प्रोजेक्ट के अंतर्गत लीनेस दुर्ग सिटी द्वारा कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन, विटामिन युक्त आहार बांटे गए। क्लब द्वारा पद्मभपुर स्थित आंगनबाड़ी में उपस्थित सभी बच्चों को बिस्कुट और ज्यूस का वितरण किया गया। साथ ही 3 कुपोषित बच्चों और 3 गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन्स युक्त अनाज, मूसली, रागी के बिस्किट्स, ज्यूस, मखाना, सूप के पैकेट और महिलाओं को मल्टी विटामिन और कैल्शियम के टैबलेट्स दिए गए। कुपोषण का शिकार 3 बच्चों का वजन किया गया और उन्हें ज्यादा से ज्यादा प्रोटीन युक्त भोजन करवाने के लिए कहां गया। इस दौरान कार्यक्रम में सभी उपस्थित महिलाओं ने बाल कन्या विवाह नहीं होने देंगे कि शपथ ली। कार्यक्रम में अध्यक्ष लीनेस आकांक्षा मिश्रा ने सभी उपस्थित महिलाओं का स्वागत किया और सचिव लीनेस बरखा बेस ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए आंगनबाड़ी की शिक्षिका और सभी मेमंबर्स का आभार प्रकट किया। आंगनबाड़ी की शिक्षिका और कार्यकर्ताओं ने टीका लगाके और हाथ से बने बुके से सभी क्लब के मेंबर्स का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अनिता तिवारी, रुचि सक्सेना, रत्न माला पलिया, विभा गुप्ता, सदस्य दुर्गेश नंदिनी दुबे, सह कोसाअध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय, गोदावरी पाण्डेय उपस्थित रही।

## लाइव इवेंट

### सेवा कार्य करने के लिए समिति को मिला छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान



**भिलाई।** ओम सत्यम शिक्षण और जन विकास समिति के अध्यक्ष सीताराम ठाकुर, सचिव दिलीप ठाकुर समिति के माध्यम से लगातार सेवाकार्य करते आ रहे है। जिसके लिए छग शासन के विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान से ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति अध्यक्ष सीताराम ठाकुर सचिव दिलीप ठाकुर का सम्मान किया। समिति द्वारा निर्धन और जरूरतमंद को निःशुल्क शिक्षा, पुस्तक और निशुल्क स्वास्थ परीक्षण आदि कार्य किया जाता है।

● सेक्टर-7 में डॉग शो का आयोजन, दो सौ से अधिक लोग अपने स्वानों के साथ हुए थे शामिल

# डॉबरमैन और डोगो अर्जेन्टीनों ने जीता बेस्ट इन शो का खिताब जर्मन शेफर्ड व गोल्डन रिटीवर बने बेस्ट पपी इन द शो का खिताब

**छत्तीसगढ़ डॉग लवर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में रविवार को सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 ग्राउंड भिलाई में भव्य डॉग शो का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ दूसरे राज्यों से भी डॉग लवर्स अपने पालतू कुत्तों के साथ पहुंचे थे। प्रोफेशनल और नॉन प्रोफेशनल कैटेगरी में कुल 22 स्वानों को सम्मानित किया गया। बेस्ट इन शो का खिताब डॉबरमैन और डोगो अर्जेन्टीनों तथा बेस्ट पप्पी इन द शो जर्मन शेफर्ड व गोल्डन रिटीवर रहे।**






**भिलाई।** ऐसा पहली बार हुआ कि शाम पांच बजे तक समाप्त होने वाला डॉग शो रात करीब 11 बजे तक चला। 200 से भी अधिक लोगों ने इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लए रजिस्ट्रेशन कराया था। छत्तीसगढ़ डॉग लवर्स एसोसिएशन के फाउंडर प्रेसिडेंट डॉ. सुशोभन रॉय के अनुसार चंडीगढ़ पंजाब निक्स मान और उनके सहयोगी रमन मान जर्ज थे। इनके द्वारा कुत्तों के स्टेग पोजिशन, बॉडी स्ट्रक्चर, दांत, चलने का तरिके की जांच की गई। इन सभी जांच के बाद विजेता स्वानों के नामों की घोषणा की गई।



### 22 स्वानों को किया गया पुरस्कृत

डॉग शो को प्रोफेशनल और नॉन फ्रोफेशनल दो कैटेगरी में बांटा गया था। प्रोफेशनल ग्रुप में भिलाई निवासी आनंद राव के डॉग डोगो अर्जेन्टीनों सिम्बा ने बेस्ट इन शो का खिताब जीता। वहीं दूसरे नंबर पर रायपुर निवासी अखिलेश का जर्मन शेफर्ड, तीसरे नंबर पर कल्चर पोम भिलाई, चौथे नंबर पर अमेरिकन बुल्ली भिलाई, पांचवें स्थान पर डॉबरमैन भिलाई, छठवें नंबर पर जर्मन शेफर्ड भिलाई, सातवें नंबर पर हस्की रायपुर और आठवें पोजिशन पर पोडल भिलाई रहे। इसके साथ ही बेस्ट माइनर पपी केन कार्सो, बेस्ट पपी इन द शो डोगो अर्जेन्टीनों तथा रिजर्व बेस्ट पपी इन शो जर्मन शेफर्ड रहे। इसी प्रकार प्रोफेशनल कैटेगरी में बेस्ट इन शो संबलपुर ओडिशा का डॉबर मैन रहे। दूसरे स्थान पर सरायपाली के रॉटविलर, तीसरे स्थान पर भिलाई निवासी विरेन्द्र साहू का हस्की, चौथे स्थान पर डचशंड, भिलाई का गोल्डन रिट्रीवर पंचम स्थान पर रहे।

# स्टूडेंट्स का बढ़ रहा गीता और ज्योतिषि की ओर झुकाव, एमए में चुन रहे अनोखे सब्जेक्ट, इग्नू में सबसे अधिक प्रवेश एमबीए में

**भिलाई।** नए स्टूडेंट्स का झुकाव गीता और ज्योतिषि में अधिक दिख रहा है। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन युनिवर्सिटी (इग्नू) में जनवरी 2026 प्रवेश सत्र की बात की जाए तो यहां सबसे अधिक प्रवेश एमबीए में हुए। इसके बाद स्टूडेंट्स ने भगवत गीता और ज्योतिष से एमए करने के लिए ऑनलाईन आवेदन किया है। पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल डेव्हलपमेंट में भी काफी आवेदन आए हैं

शा. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी कॉलेज दुर्ग इग्नू अध्ययन केन्द्र के मुख्य समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना ने बताया कि प्रवेश पोर्टल के आरंभ होने के प्रारंभिक 15 दिनों में यह स्थिति देखने में आयी है। अभी इग्नू के विभिन्न पाठ्यकमों में जनवरी माह में प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाईन रूप से जारी रहेगी। डॉ. सुराना ने बताया कि दिसंबर 2025 सत्र में समाप्त हुई टर्म एण्ड परीक्षा से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों बीसीए, एमसीए पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन जियो इन्फॉरमेटिक्स, एमएससी जियो इन्फॉरमेटिक्स तथा एमए भूगोल आदि की प्रायोगिक परीक्षाएं जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में आरंभ होगी।



इन परीक्षाओं से पूर्व परीक्षार्थियों के लिए प्रशिक्षण प्रायोगिक कक्षाएं साइंस कालेज दुर्ग में आरंभ हो गयी है। परीक्षार्थी अपने संबंधित विषय के विभाग से सम्पर्क कर प्रशिक्षण कक्षाओं एवं प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

साइंस कालेज दुर्ग इग्नू अध्ययन केन्द्र के सहायक समन्वयक डॉ. जीएस ठाकुर और डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि इग्नू अध्ययन केन्द्र में वर्तमान में चल रहे इतिहास, समाजशास्त्र, कॉमर्स, हिन्दी, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, संस्कृत, ग्रामीण विकास, राजनीति शास्त्र, लाईब्रेरी साइंस, कम्प्यूटर साईंस आदि विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री तथा बीए, बी.कॉम., बीसीए आदि स्नातक डिग्री तथा पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन जियो इन्फॉरमेटिक्स, आपदा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, खाद्य एवं पोषण में डिप्लोमा, मानव अधिकार, पर्यावरण में सर्टिफिकेट तथा एमबीए, एमए भगवत गीता, एमए ज्योतिष, एमएसडब्ल्यू खाद्य एवं पोषण में स्नातकोत्तर डिग्री, एमएससी जियोइन्फॉरमेटिक्स जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम में ऑनलाईन रूप से प्रवेश की सुविधा उपलब्ध हैं।

### वृद्धा आश्रम में समय बिताकर खिलाया तिल लड्डू, बांटी जरूरत के समान

**भिलाई।** सरयूपारी ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ भिलाई-दुर्ग द्वारा दान-पुण्य का पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर पुलगांव दुर्ग के वृद्धा आश्रम में जाकर सेवा कार्य कर जरुरत के सामान वितरित किये। समाज की महिलाओं ने वृद्ध माताओं के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया, उनके साथ समय बिताते हुए सुख-दुख साझा किया और उन्हें तिल के लड्डु खिलाएं। जिसे देखकर वृद्ध आश्रम की सदस्याओं ने सभी को आशीर्वाद दिया और सभी के चेहरे पर मुस्कुराहट दिखाई दी। सरयूपारी ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ भिलाई-दुर्ग की अध्यक्ष प्रिति दुबे ने बताया कि मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व है, यानी अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का संकेत। प्रकृति का यह बदलाव पुराने गिले शिकवे भूलकर मीठी बातों के साथ नई शुरुआत करने का संदेश भी देता है। इसी उद्देश्य से सरयूपारी ब्राह्मण महिला समाज की सदस्याओं ने जरूरत के सामान देकर अन्य जानकारी भी ली। इस दौरान समाज की अध्यक्ष प्रिति राहुल दुबे, उपाध्यक्ष रीता शर्मा, रुक्मणी मिश्रा, सदस्य मीनाक्षी मिश्रा, पूनम उपाध्याय, स्मृति शर्मा सहित समाज की अन्य सदस्याएं उपस्थित रही।



फूड स्टॉल्स, क्राफ्ट और फन जोन और गेम जोन ने मोहा मन

# देशभक्ति और सांस्कृतिक विविधता से सजा डीपीएस दुर्ग का उत्सव, रेड कार्पेट पर बच्चों ने किया फैमिली फैशन वॉक

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** नन्हें बच्चें विभिन्नफूड स्टॉल्स में फास्ट फूड का आनंद ले रहे थे वही दूसरी ओर चित्रकला और रंग भरने की प्रतियोगिता में बच्चें भाग लेकर देशभक्ति का संदेश प्रस्तुत करते हुए अपनी कल्पनाओं से उड़ान भर रहे थे साथ ही नन्हें बच्चे अपने माता-पिता के साथ प्रोफेशनल मॉडल जैसे सधे हुए कदमों से रेड कार्पेट पर चलकर फैमिली फैशन वॉक में अपना जलवा बिखेरा। अवसर पर डीपीएस दुर्ग में आयोजित राष्ट्र का गौरव कार्यक्रम का। जहां स्कूल के बच्चों के साथ साथ पेरेन्ट्स ने भी उत्साह के साथ रचनात्मकता का परिचय दिया। इस दौरान फूड स्टॉल्स, क्राफ्ट और फन जोन और गेम जोन ने सभी का मन मोह लिया। पूरे आयोजन में फैमिली फैशन वॉक सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग ने अपने एडमिशन ओपन हाउस के अंतर्गत तिरंगा हमारे राष्ट्र का गौरव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 और 2 के विद्यार्थियों ने चित्रकला और रंग भरने की प्रतियोगिता में भाग लेकर देशभक्ति का संदेश प्रस्तुत किया।







### विभिन्न राज्यों के पारंपरिक पोशाकों में दी प्रस्तुति

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फैमिली फैशन वॉक रहा, जिसमें माता-पिता और बच्चे भारत के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक पोशाकों में शामिल हुए। इसके साथ ही फूड स्टॉल्स, क्राफ्ट एवं फन जोन और गेम जोन ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण, संगीत और नृत्य के साथ हुआ, जिसने देशभक्ति, रचनात्मकता और परिवारिक आनंद को बढ़ावा दिया।

सिटी इवेंट

# प्रतिभाओं को मिला भूमित्र गुप्ता मेमोरियल एवार्ड, किया याद



**भिलाई।** अग्रसेन भवन में भिलाई के आधुनिक शिल्पकार एवं सामाजिक व शैक्षणिक विकास में अहम भूमिका निभाने वाले भूमित्र गुप्ता की स्मृति में उनका जन्म शताब्दी समारोह शहर की जानीमानी हस्तियों, उद्योगपतियों, शिक्षाविदों और समाजसेवियों की मौजूदगी में मनाया गया। भूमित्र गुप्ता के कार्यों को जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए अग्रवाल समाज द्वारा मनाए गए इस समारोह में उनके समकालीन व्यक्तियों ने उनके सामाजिक योगदान, सार्वभौमिक उपलब्धियों, उनके साथ बिताए हुए सुनहरे पलों को साझा किया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी पुष्पा-भूमित्र गुप्ता की स्मृति में तुलेश्वरी, सीता साहू, ऋद्धिमा शर्मा, श्रेया सिंह, प्रिंसि ठाकुर, साक्षी सिंह, प्रीति मल, पी ज्योति, हिमाद्रि नायक, संचिता, ऋद्धिमा पटेल, वर्दापति काव्या तथा तान्या मिश्रा को स्कॉलरशिप प्रदान की गई, वहीं दर्शिका प्रवीण भूटड़ा को पुष्पा-भूमित्र गुप्ता मेमोरियल एवार्ड दिया गया। दिल्ली से आये हुए आर्यसमाज प्रचारक पंडित कंचन कुमार ने अपनी टीम के सदस्यों शिवा राय तथा बृजमोहन के साथ वैदिक भजन प्रस्तुत किया। लोगों ने उनके द्वारा गाए भजनों को मंत्रमुग्ध होकर सुना। इन दिनों भूमित्र गुप्ता की सेवा परंपरा को उनके पुत्र सुरेंद्र गुप्ता तथा पौत्र- पौत्रियों द्वारा स्थापित परम्भू चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। जहां समारोह का संचालन पीयूष अग्रवाल और सविता गुप्ता ने किया, वहीं नीता गुप्ता ने आभार जताया। इस अवसर पर बीके इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग ट्रस्टी विजय गुप्ता ने कहा कि भूमित्र ने भिलाई स्टील प्लांट को अपना सौ प्रतिशत दिया है। शंकराचार्य इंस्टिट्यूट के संस्थापक आईपी मिश्रा ने उन्हें युगद्रष्टा बताते हुए कहा कि जीने का अर्थ यह नहीं कि आप कितने वर्ष जिए, बल्कि आपका नाम कितने वर्षों तक जिंदा रहता है, यह मायने रखता है। इनके अलावा अग्रवाल जनकल्याण समिति के अध्यक्ष बंसी अग्रवाल, आर्यसमाज के अध्यक्ष अवनी पूरंग, संजीव कासलीवाल, मनोज गुप्ता, जेपी अग्रवाल, दिनेश सिंघल, भिलाई महिला महाविद्यालय की प्रिंसिपल प्रतिभा छाया क्लाडियस तथा आईएम जैन ने भी उनके कार्यों की सराहना की।



धर्म लाइव

# श्री रामदेव बाबा का माघ मेला आज से, जम्मा जागरण की मचेगी धूम




**दुर्ग।** श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव नाका में 20 से 28 जनवरी तक श्री रामदेव बाबा के माघ मेला का आयोजन किया गया है। 8 दिवसीय माघ मेला में जम्मा जागरण एवं भजन कीर्तन की धूम मचेगी। देश और प्रदेश के प्रसिद्ध जम्मा जागरण एवं भजन गायक अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। जम्मा जागरण में श्रद्धालुओं को परचों का पुण्य लाभ मिलेगा। यह माघ मेला चालीसगांव महाराष्ट्र के संत गुरुदेव सोहनलाल बापजी के पुण्य प्रताप से भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य आयोजित किए गए हैं। माघ मेला के अंतिम दिन 28 जनवरी को सुबह साढ़े 10 बजे

महाआरती एवं हवन पूजन किया जाएगा, तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। माघ मेला में देश व प्रदेश से श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटते हैं। जिसके चलते श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर द्वारा आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव नाका के प्रमुख रमेश कुमार जैन और पायल जैन ने बताया कि दरबार में प्रतिवर्ष माघ मेला का आयोजन किया जाता है। माघ मेला में आयोजित जम्मा जागरण और भजन कीर्तन प्रतिदिन रात साढ़े 9 बजे से शुरू होंगे। माघ मेला के प्रथम दिन 20 जनवरी को भजन गायक गौरव बजाज दुर्ग द्वारा भव्य जम्मा जागरण एवं जन्मोत्सव की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा 21 जनवरी को भजन गायक गौरव मालू, बाड़मेर राजस्थान, 22 जनवरी कोकोमल गोलछा फलौदी राजस्थान, 23 जनवरी को कविता पंवार भाटी, पाली राजस्थान, 24 जनवरी को राजू शर्मा, कोलकाता पश्चिम बंगाल, 25 जनवरी को हर्ष माली, बालोतरा राजस्थान, 26 जनवरी को भव्य बरड़िया, धमतरी और 27 जनवरी को भजन गायक गौरव बजाज दुर्ग द्वारा जम्मा जागरण की प्रस्तुति दी जाएगी देंगे। उन्होंने श्री रामदेव बाबा के माघ मेला में शामिल होकर श्रद्धालुओं से पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# आराधना को शिक्षा में पीएचडी



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित शोध उपाधि समिति की अनुशंसा पर आराधना तिवारी को शिक्षा विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई, एमजे महाविद्यालय भिलाई की डॉ. श्वेता भाटिया ,डॉ. कविता वर्मा के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। आराधना तिवारी के शोध का मुख्य केन्द्र उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के शैक्षिक तनाव एवं आवेगशीलता का उनकी शैक्षिक उपलब्धी पर प्रभाव रहा है। शोध वर्तमान समय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षा के बीच अंतसंबंधों को समझने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आराधना तिवारी शिक्षाविद, समाजसेवी स्व. डॉ. मिथिलाशरण द्विवेदी की पुत्री और सेवानिवृत्त एएसपी प्रेम शंकर तिवारी की पुत्रवधू, दुर्गेश तिवारी की पत्नी है।

● दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई का 45वां वार्षिक अधिवेशन में एकजुट हुए सदस्य

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और मेधावी हुए सम्मानित, बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, रंगोली में लिया हिस्सा

**भिलाई।** दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर का 45वां वार्षिक अधिवेशन और सम्मान समारोह कुर्मी भवन सेक्टर 7 में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के 19 सेवानिवृत्त सदस्यों, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेन्द्र देशमुख, दो सीए सहित 10वीं और 12वीं के मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करने सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां समाज के बच्चों द्वारा दी गई। रंगोली प्रतियोगिता में युवतियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सहकारी बैंक दुर्ग अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, सेवानिवृत्त उपसंचालक विमल गौतम, असिस्टेंट इंजीनियर सीएसपीडीसीएल श्रद्धा दिल्लीवार, दिल्लीवार केंद्रीय समाज अध्यक्ष योगेन्द्र बेलचंदन, अखिल भारतीय महासभा अध्यक्ष लताऋषि चंद्राकर, छत्तीसगढ़ी कुर्मी समाज भिलाई नगर अध्यक्ष संतोष पाटनवार, केंद्रीय युवा अध्यक्ष हेमन्त देशमुख, युवा कुर्मी मित्र मंडल भिलाई नगर अध्यक्ष अजय चंद्राकर, दिल्लीवार महिला अध्यक्ष रीना देशमुख और कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर अध्यक्ष कुबेर राम देशमुख उपस्थित रहे।





### आर्गेनिक खेती की बताई महत्ता

कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2 बजे से रंगोली प्रतियोगिता, विभिन्न खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ की गई। मुख्य अतिथि प्रीतपाल बेलचंदन ने समाज के नियमों एवं आदर्शों का पालन करने एवं सहकारिता के क्षेत्र पर प्रकाश डाला। विमल गौतम ने समाज को एक नई मिसाल कायम करने और आर्गेनिक खेती की महत्ता को बताया। केंद्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र बेलचंदन ने समाज की कुरीतियों और आपसी मतभेद को दूर करने, लता ऋषि चंद्राकर ने कुर्मी सामाजिक एकता पर बल देने की बातें कही।



### उत्कृष्ट और प्रतिभावान हुए सम्मानित

मंच संचालन सचिव दिलीप कुमार देशमुख और आभार व्यक्त उपाध्यक्ष नारद देशमुख ने किया। इस अवसर पर 19 सेवानिवृत्त सदस्यों कुबेर राम देशमुख, आनंद राम देशमुख, नरेश पिपरिया, मोतीलाल देशमुख, रमेश देशमुख, नूतन लाल देशमुख, नारायण देशमुख, प्रमोद भारदीय, गिरीश दिल्लीवार, भरत देशमुख, चित्तरंजन देशमुख,गिरधारी लाल देशमुख, अयोध्या प्रसाद देशमुख, तोप सिंह वर्मा, अश्विनी देशमुख, कौशल देशमुख, विजय देशमुख, बलदेव प्रसाद देशमुख और गोपेश्वरी देशमुख का सम्मान, विशेष प्रतिभा सम्मान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेन्द्र देशमुख, सी ए स्वप्निल गौतम और चुम्मन लाल वर्मा सहित 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सलाहकार नगर इकाई डी पी देशमुख, प्रेमलाल पिपरिया, महेंद्र दिल्लीवार, पवन दिल्लीवार, पूर्व अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र हरमुख, महासचिव छ ग प्रदेश मोरध्वज चंद्राकर, विशाल देशमुख, सह सचिव कुलेश्वर दिल्लीवार, कोषाध्यक्ष नेमेंद्र देशमुख, युवा अध्यक्ष मिलेश्वर देशमुख, शिशिरकांत देशमुख, पुष्पकराज देशमुख, अर्जुन देशमुख, चूरामन दिल्लीवार, जय प्रकाश देशमुख, नवनीत हरदेल, चंद्रभूषण देशमुख, केशव दिल्लीवार, गिरीश अमृत, नारायण देशमुख , डेकेश्वर देशमुख, कृष्ण कुमार बेलचंदन, पुरुषोत्तम दिल्लीवार, भागवत देशमुख, धानेश्वर देशमुख, कन्हैया देशमुख, दिल्लीवार कुर्मी महिला सलाहकार उर्मिला देशमुख, रेणु देशमुख, उषा पिपरिया, संगीता दिल्लीवार, उषा दिल्लीवार, प्रेमलता देशमुख, पूर्णिमा वर्मा, केकती देशमुख, मंजू दिल्लीवार, मंजू देशमुख, लता देशमुख के साथ समाज के केंद्रीय पदाधिकारी सर्किल और ग्रामीण पदाधिकारी के साथ सैकड़ो की संख्या में सामाजिक लोग मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव

# ऑपरेशन सिंदूर में छोटे बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति, दर्शकों का जीता मन





**भिलाई।** नालंदा इंग्लिश मिडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल कुरुद भिलाई में 47वां दो दिवसीय वार्षिकोत्सव मनाया गया। महोत्सव के पहले दिन मुख्य अतिथि हेवी ट्रांसपोर्ट कंपनी डायरेक्टर व समाजसेवी इंद्रजीत सिंह (छोटू) थे। विशेष अतिथि सेंट थॉमस कॉलेज प्रिसिंपल डॉ. साइनी मेन्डोन्स ,भिलाई और शाला के अध्यक्ष आर. डेविड एवं जनरल सेक्रेटरी एस. विन्सेन्ट, शिक्षा विभाग के उपाध्यक्ष जीबिन रॉबी, सेक्रेटरी शिक्षा विभाग पीएस प्रमोद कुमार, ट्रेजरर मेथ्यु वर्गिस, स्पोर्टस एवं कल्चर सेक्रेटरी केएन असरफ के अलावा प्रबंधन समिति के सभी सदस्य एवं शाला के प्रिसिंपल आशीष घोषाल एवं शाला की वाईस प्रिसिंपल ऐश्वर्या जोशी उपस्थित थे। इंद्रजीत सिंह ने शाला के लिए सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि प्रदेश के शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव थे। उन्होंने छात्रें के लिए भूतल से लेकर दूसरे मंजिल तक सुविधाजनक शौचालय निर्माण करने की घोषणा की है। कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ आनर वैशाली नगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन और स्पेशल गेस्ट नपानि दुर्ग व भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सचिव साजन जोसफ उपस्थित थे। सेन ने छात्र-छात्रों के लिए गर्मी और बरसात से बचाव के लिए स्कूल के सामने के प्रागंण में एक डोम शेड का निर्माण करके देने की घोषणा की है।

**बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति :** महोत्सव के दूसरे दिन भी स्कूल के बच्चों द्वारा विविध प्रकार के खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा को उजागर किया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ऑपरेशन सिन्दूर, नागलोक डांस, महुआ डांस, और डांस के द्वारा राधाकृष्ण की प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शक का मनमोह लिया है। बच्चों को पुरस्कार दिया गया। जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के छात्र–छात्राएं शामिल थे।

झांकी प्रतियोगिता

# जसगीत से गूंजा भिलाई तीन झांकी देख खुश हुए लोग



**भिलाई।** पांच दिवसीय विराट जसगीत झांकी प्रतियोगिता का आयोजन शांति नगर भिलाई तीन में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा प्रवक्ता प्रेमलाल साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू, जसवंत वर्मा, कमलेश जोशी, नीरज वैद्य मौजूद थे। इस दौरान प्रेमलाल साहू ने कहा कि जसगीत झांकी प्रतियोगिता का पावन मंच सनातन संस्कृति रक्षा व मजबूती के लिए आवश्यक है। अपने आचरण में देव संस्कृति को पालना चाहिए। अधर्म कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो अंत में धर्म की ही जीत होती है। सीता साहू ने कहा कि समाज को सुधारने में महिलाओं की प्रमुख भूमिका होती है। इसलिए बेटियों को पढ़ा लिखा कर सक्षम बनाए। समिति अध्यक्ष किशन लाल रजक, हुपेन्द्र चंद्रा, प्रेम मिश्रा, गोलू वर्मा ने अतिथियों को शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंच का संचालन संजय मैथिल, दुष्यंत सोनी ने किया। आभार संयोजक अशोक सोनी ने किया।

131 बायोडाटा पंजीकृत, 50 से अधिक ने स्वयं मंच पर दिया इंट्रोडक्शन

# मगध तैलीक समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन बना सामाजिक एकता और तकनीकी नवाचार का उदाहरण

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** मगध तैलीक समाज द्वारा आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन समाज के लिए एक अत्यंत सफल, भावनात्मक और ऐतिहासिक आयोजन सिद्ध हुआ। इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों एवं उनके अभिभावकों को एक विश्वसनीय, पारदर्शी और संगठित मंच प्रदान करना था, जिसमें समाज पूर्ण रूप से सफल रहा।

कार्यक्रम के लिए कुल 131 बायोडाटा पंजीकृत किए गए थे, जिनमें से 50 से अधिक युवक युवतियां स्वयं मंच पर उपस्थित होकर आत्मविश्वास के साथ अपना परिचय प्रस्तुत किए। आयोजन के दौरान अनेक परिवारों को अपनी पसंद और सोच के अनुरूप रिश्तों की ठोस संभावनाएं प्राप्त हुईं, जिससे समाज में सकारात्मक वातावरण बना। इस सफल आयोजन का समाज के अध्यक्ष राजकुमार साव ने किया। इस अवसर पर विनोद साव, श्रवण साव, मनोज साव, ममता, राजेश कुमार साव, शंभू साव, पिंटू साव, सोनेलाल साव, शशिकांत साव, महेश लाल साव, शिवकुमार साव, भगवती देवी योगदान रहा।



### आईटी टेक्नोलॉजी का किया गया उपयोग

इस विशेष कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता यह रही कि इसमें आईटी टेक्नोलॉजी का पूर्ण उपयोग किया गया। समाज के वैवाहिक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन, टोकन वितरण की सुव्यवस्थित व्यवस्था भी की गई। सभी प्रतिभागियों के बायोडाटा को एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित करने की आधुनिक व्यवस्था की गई। यह संपूर्ण तकनीकी सहयोग शहर की एक आईटी कंपनी के सहयोग से संभव हो पाया, जिसमें राजेश कुमार साव द्वारा विशेष रूप से अग्रणी भूमिका निभाई गई।



### समाज की एकजुट मदद से कार्यक्रम हुआ सफल

कार्यक्रम को सफल एवं सुचारु बनाने में समाज के दानदाताओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। दानदाताओं द्वारा दिए गए आर्थिक एवं नैतिक सहयोग से पंजीयन काउंटर, तकनीकी संसाधन, काउंसलिंग व्यवस्था, मंच संचालन, स्वल्पाहार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं संभव हो सकीं। दानदाताओं का यह सहयोग केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि समाज के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मगध तैलीक समाज उनके इस अमूल्य योगदान के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता है। समाज के अध्यक्ष राजकुमार ने कहा कि यह आयोजन समाज के युवाओं के वैवाहिक भविष्य को सुरक्षित, सरल और सम्मानजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ज्योतिष

### आज शनि देव करेंगे नक्षत्र परिवर्तन, इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम

वैदिक पंचांग के अनुसार आज 20 जनवरी को न्यायाधीश शनि देव उत्तराभाद्रपद में प्रवेश करने वाले हैं आपको बता दें कि इस नक्षत्र के स्वामी स्वयं शनि देव ही हैं। ऐसे में शनि देव के नक्षत्र परिवर्तन से कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही करियर और कारोबार में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ राशि** : शनि देव आपकी राशि से धन और वाणी स्थान पर संचरण कर रहे हैं। आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। व्यापार से जुड़े लोगों को विस्तार और लाभ के अवसर मिल सकते हैं। खर्चों में कमी आएगी। पारिवारिक जीवन शानदार रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति इस समय अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि** : शनि देव आपकी राशि से कर्म भाव पर संचऱण कर रहे हैं। आपको काम-कारोबार में तरक्की मिलेगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है।व्यापार से जुड़े लोगों को विस्तार और लाभ के अवसर मिल सकते हैं। व्यापारी कोई बड़ी डील फाइनल कर सकते हैं।

**कर्क राशि** : शनि देव आपकी राशि से भाग्य स्थान पर संचरण कर रहे हैं। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। कारोबारी सिलसिले में यात्रा के योग बनते दिख रहे हैं। वहीं अगले चार महीनों में आपको धार्मिक, आध्यात्मिक या मांगलिक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस समय छात्रों को किसी परीक्षा में सफलता मिल सकती है।

### मंगल ने बनाया अद्भुत राजयोग, इन राशियों के शुभ दिन शुरू

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर गए हैं। जहां पर सूर्य और शुक्र विराजमान है। ऐसे में त्रिग्रही योग के साथ-साथ सूर्य के साथ युति करके मंगल आदित्य राजयोग का निर्माण कर रहे हैं। इस राजयोग का निर्माण होने से कुछ राशि के जातकों के ऊपर मंगल के साथ सूर्यदेव की भी विशेष कृपा हो सकती है।

**मिथुन राशि** : मंगल मकर राशि में प्रवेश करके आठवें भाव में रहने वाले हैं। आमतौर पर किसी शुभ ग्रह का आठवें भाव में आना नकारात्मक प्रभाव अधिक देता है लेकिन सूर्य के साथ युति होने के कारण इस राशि के जातकों की कई इच्छाएं पूरी हो सकती है। जीवन में खुशियों की दस्तक हो सकती है। आप अपने प्रतिद्वंदियों को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। आर्थिक स्थिति भी अच्छी रहने वाली है। आप बचत करने में भी सफल हो सकते हैं।

**सिंह राशि** : इस राशि के जातकों को नौकरी-बिजनेस में अपार सफलता हासिल हो सकती है। इस राशि में मंगल आदित्य राजयोग का निर्माण छठे भाव में होने वाला है। ऐसे में इस राशि के जातक अपने परिवार के साथ अच्छा वक्त बिता पाएंगे और उनकी प्रगति पर पूरा ध्यान केंद्रित होगा। नई संपत्ति खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। आकस्मिक धन लाभ के योग बन रहे हैं।

**तुला राशि** : इस राशि के गोचर कुंडली के चौथे भाव में मंगल और सूर्य की युति होने वाली है। ऐसे में इस राशि के जातकों को कई मायनों में खास हो सकता है। बेकार के खर्चों से निजात मिल सकती है। व्यापार में आपके द्वारा बनाई गई रणनीति कामयाब हो सकती है। नया बिजनेस आरंभ करने के लिए ये अवधि लाभकारी हो सकती है। आर्थिक स्थिति भी अच्छी रहने वाली है।

### 84 साल बाद इन राशियों की पलट सकती है किस्मत

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शुक्र धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश कर गए हैं। इस राशि में 6 फरवरी तक रहने वाले हैं। ऐसे में शुक्र सूर्य, मंगल, बुध के साथ युति करते शुक्रादित्य, लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होगा। वहीं शुक्र शनि की राशि मकर में रहकर वृषभ राशि में विराजमान अरुण के साथ संयोग करके नवपंचम राजयोग का निर्माण करने वाले हैं।

**वृषभ राशि** : इस राशि के जातकों के लिए गुरु-अरुण का नवपंचम राजयोग कई मामलों में खास हो सकता है। आपके द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अब अच्छी खासी सफलता हासिल हो सकती है। विदेश यात्रा के भी योग बन रहे हैं। किस्मत का साथ हर एक क्षेत्र में मिलेगा। करियर के क्षेत्र में भी लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। व

**कर्क राशि** : इस राशि के जातकों को किस्मत का पूरा साथ मिल सकता है। इस राशि के सातवें भाव में शुक्र और बारहवें भाव में अरुण विराजमान है। ऐसे में इस राशि के जातकों की भौतिक सुखों की प्राप्ति हो सकती है। आकस्मिक धन लाभ के भी योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है। आय में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है।

**मकर राशि** : इस राशि के लग्न भाव में शुक्र और पंचम भाव में अरुण विराजमान है। ऐसे में इस राशि के जातकों के लंबे समय से रुके काम पूरे होने के साथ-साथ धन-धान्य की तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है। अध्यात्म की ओर झुकाव हो सकता है। धार्मिक यात्राएं करने के योग बन कर रहे हैं। व्यापार की दृष्टि से भी ये अवधि काफी लाभकारी हो सकती है।

यह एक पौष्टिक नाश्ता है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक पसंद करते हैं

# स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है मूंगफली की चिक्की, जानिए इसके बेहतरीन फायदे

मूंगफली की चिक्की एक लोकप्रिय भारतीय मिठाई है, जो न केवल स्वाद में बेहतरीन है, बल्कि इसमें कई सेहत के लिए फायदेमंद गुण भी होते हैं। यह एक पौष्टिक नाश्ता है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक पसंद करते हैं। मूंगफली की चिक्की में प्रोटीन, फाइबर और विटामिन्स की भरपूर मात्रा होती है, जो हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। आइए जानते हैं कि मूंगफली की चिक्की खाने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।



### प्रोटीन का अच्छा स्रोत है मूंगफली की चिक्की

मूंगफली की चिक्की में प्रोटीन की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो हमारे शरीर के लिए जरूरी है। प्रोटीन मांसपेशियों को मजबूत बनाने और शरीर की मरम्मत करने में मदद करती है। इसके अलावा यह हमें ऊर्जा भी देती है। खासकर बच्चों और व्यायाम करने वालों के लिए यह एक बेहतरीन नाश्ता है, जो उन्हें पर्याप्त प्रोटीन प्रदान करता है और उनकी ऊर्जा स्तर को बनाए रखता है।

### दिल की सेहत के लिए फायदेमंद

मूंगफली की चिक्की में मौजूद अच्छे फैट दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये फैट रक्त संचार को बेहतर बनाते हैं और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित रखते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स दिल को स्वस्थ रखने में सहायक होते हैं। नियमित रूप से सीमित मात्रा में मूंगफली की चिक्की खाने से दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है और रक्त संचार बेहतर होता है।

### वजन नियंत्रित करने में मददगार

मूंगफली की चिक्की फाइबर से भरपूर होती है, जो पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराती है। इससे अनावश्यक नाश्ता करने की इच्छा कम होती है और वजन नियंत्रित रहता है। इसके अलावा फाइबर पाचन क्रिया को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। इस प्रकार मूंगफली की चिक्की न केवल स्वादिष्ट होती है बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है।

### हड्डियों को मजबूत बनाने में है सहायक

मूंगफली की चिक्की में ऐसे खनिज पाए जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। ये खनिज हड्डियों की संरचना को मजबूत करते हैं और उन्हें स्वस्थ रखते हैं। इसके अलावा इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स हड्डियों को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। नियमित रूप से सीमित मात्रा में मूंगफली की चिक्की खाने से हड्डियों को मजबूती मिलती है और उनका स्वास्थ्य बेहतर होता है।



## छोटे बच्चों के लिए क्रेयॉन आर्ट के बेहतरीन आइडियाज

क्रेयॉन आर्ट छोटे बच्चों के लिए एक मजेदार और रचनात्मक गतिविधि हो सकती है। यह न केवल उनकी कल्पना शक्ति को बढ़ाती है, बल्कि उनके हाथों के कौशल को भी सुधारती है। इस लेख में हम कुछ आसान और आकर्षक क्रेयॉन आर्ट के विचार साझा करेंगे, जिन्हें बच्चे आसानी से बना सकते हैं। इन गतिविधियों से बच्चे न केवल खुश होंगे बल्कि नए-नए डिजाइनों के बारे में जानेंगे और सीखेंगे।

**रंग-बिरंगे फूल बनाएं** : फूलों का आकार बच्चों को बहुत पसंद आता है। आप उन्हें अलग-अलग रंगों के क्रेयॉन्स दें और एक बड़े कागज पर विभिन्न आकार और प्रकार के फूल बनवाएं। बच्चे अपनी पसंदीदा रंगों से फूलों को सजाएंगे और अपनी कल्पना शक्ति का उपयोग करेंगे। इसके बाद आप उन फूलों को अपने घर की दीवार पर चिपका सकते हैं या फ्रेम कर सकते हैं। इससे उनके कमरे में एक नई रौनक आएगी और वे अपने बनाए हुए फूलों पर गर्व महसूस करेंगे।

**जानवरों के चित्र बनाएं** : जानवरों के चित्र बनाना भी बच्चों को बहुत पसंद आता है। आप उन्हें अलग-अलग जानवरों के चित्र बनाने के लिए प्रेरित कर सकते जैसे कि कुत्ता, बिल्ली, हाथी आदि। बच्चे अपनी पसंदीदा जानवरों को रंग-बिरंगे क्रेयॉन्स से बनाएंगे जिससे उनकी रचनात्मकता बढ़ेगी। इसके अलावा आप उन्हें जानवरों के बारे में भी सिखा सकते हैं जैसे कि उनका नाम, रहने की जगह और खाना क्या होता है। इससे बच्चों को जानवरों की जानकारी भी मिलेगी और वे और अधिक उत्साहित होंगे।

**प्राकृतिक दृश्य बनाएं** : प्राकृतिक दृश्य जैसे पहाड़, नदियां, पेड़-पौधे आदि बनाना बच्चों को बहुत पसंद आता है। आप उन्हें नीले आसमान, हरे घास, भूरे पहाड़ और नीली नदियों के साथ-साथ पीले सूरज भी बना सकते हैं। इससे बच्चे प्रकृति के करीब आएंगे और उसे बेहतर तरीके से समझ पाएंगे। इसके अलावा आप उन्हें अलग-अलग मौसम के बारे में भी सिखा सकते हैं जैसे कि बारिश, धूप, बादल आदि। इससे बच्चों को मौसम की जानकारी मिलेगी और वे और अधिक उत्साहित होंगे।

## 69वीं राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिताः पंजाब और दिल्ली के खिलाड़ियों का रहा दबदबा, छत्तीसगढ़ की बेटियों ने जीते दो रजत पदक



**रायपुर।** राजधानी के जेएन पांडेय स्कूल सभागार में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली गतका प्रतियोगिता (17 वर्ष बालक-बालिका) का रविवार को गरिमामय समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी थे, जबकि अध्यक्षता अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने की। अपने संबोधन में विधायक श्री सोनी ने कहा कि खेलों से स्वस्थ तन और मन का निर्माण होता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए चल रही शासकीय योजनाओं और खेल के माध्यम से मिलने वाले करियर व स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से चर्चा की। विशिष्ट अतिथि इंद्रजीत सिंह (मुख्य आयुक्त, स्काउट एवं गाइड) और अमरजीत सिंह छाबड़ा ने 'गतका' के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इसे गति और आत्मरक्षा की सर्वोच्च कला बताया। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए खिलाड़ियों के आवास, भोजन, परिवहन और चिकित्सा व्यवस्था में सहयोग देने वाली सभी टीमों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सहायक जिला खेल अधिकारी छाया प्रकाश राव ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुरली शर्मा, जी. स्वामी, शिरीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

**परिणामों में पंजाब और दिल्ली आगे, छत्तीसगढ़ को सिल्वर** : प्रतियोगिता के परिणामों में पंजाब और दिल्ली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं मेजबान छत्तीसगढ़ की बेटियों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

**बालिका वर्गः** 'सिंगल सोटी टीम इवेंट' में पंजाब ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि छत्तीसगढ़ की टीम (नीतू साहू, हर्षिता पटेल, दिव्या कुमारी, रोशनी यदु) ने शानदार खेल दिखाते हुए दूसरा स्थान (रजत पदक) प्राप्त किया। दिल्ली तीसरे स्थान पर रही। व्यक्तिगत मुकाबलों में पंजाब की तमन्ना (सिंगल सोटी) और स्नेहा (फरी सोटी) विजेता बनीं। छत्तीसगढ़ की नीतू साहू ने व्यक्तिगत सिंगल सोटी में भी दूसरा स्थान प्राप्त कर राज्य का मान बढ़ाया।

**बालक वर्गः** 'सिंगल सोटी टीम इवेंट' में दिल्ली (अगमजोत, मनमीत, देवांश) विजेता रही, जम्मू-कश्मीर दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत फरी सोटी में पंजाब के बलराज सिंह और सिंगल सोटी में दिल्ली के देवांश सिंह ने स्वर्ण जीता।

## पहले ही दिन बरसे 13 गोल, एमर्स एफसी और रामा एफसी ने दर्ज की बड़ी जीत



**रायपुर।** ब्रह्मविद स्पोर्ट्स सेंटर द्वारा आयोजित जूनियर प्रो लीग (U-15)' का रविवार को ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल में शानदार आगाज हुआ। लीग के पहले ही दिन युवा जोश और गोलों की बारिश देखने को मिली। खेले गए चार मुकाबलों में कुल 13 गोल दागे गए, जिससे टूर्नामेंट का रोमांच पहले ही दिन चरम पर पहुंच गया। दिन का सबसे बड़ा स्कोर एमर्स एफसी (Amers FC) के नाम रहा। टीम ने एलीट एफसी ब्लू को 5-0 से रौंद दिया। मैच के 5वें मिनट में इधान्त ने पहला गोल किया, जिसके बाद टीम ने लगातार चार और गोल दागकर मैच एकतरफा कर दिया। वहीं, तीसरे मुकाबले में रामा एफसी ने आक्रामक खेल दिखाते हुए ब्रह्मविद रेड को 4-0 से हराया। टीम की ओर से गगन, पुलकित, अभिनव और उमंग ने 1-1 गोल किए।उद्घाटन मुकाबले में ब्रह्मविद ब्लू ने एलीट रेड को 3-0 से शिकस्त दी। इस मैच के हीरो दक्ष बदलानी रहे, जिन्होंने 35वें और 37वें मिनट में लगातार दो गोल कर सबको चौंका दिया। इससे पहले युवराज ने 31वें मिनट में गोल किया था।

**रायपुर यूनाइटेड को मिली संघर्षपूर्ण जीत** : दिन का सबसे कड़ा मुकाबला रायपुर यूनाइटेड एफसी और रियल रायपुर एफसी के बीच हुआ। दोनों टीमों की कड़ी टक्कर के बीच वाई. मुसानी का एकमात्र गोल निर्णायक साबित हुआ और रायपुर यूनाइटेड ने 1-0 से जीत हासिल की। लीग में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहले दिन के प्रदर्शन ने यह साफ कर दिया है कि आने वाले मैचों में प्रतिस्पर्धा और भी कड़ी होने वाली है।

## रविराज, समाया और कवीश बने चैंपियन; अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का भी हुआ सम्मान




**रायपुर।** टेबल टेनिस संघ द्वारा सप्रे शाला में आयोजित 'स्व. श्री ज्ञानचंद लुनिया स्मृति चतुर्थ रायपुर जिला त्रैमासिक लीग प्रतियोगिता-2025' का रविवार को समापन हुआ। इसके साथ ही वर्ष 2025-26 का सत्र भी पूरा हो गया। प्रतियोगिता में एम. रविराज (सीनियर पुरुष), समाया पांडे (सीनियर महिला एवं अंडर-15 बालिका) और कवीश काला (अंडर-15 बालक) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किए। अंडर-15 बालक वर्ग में कवीश काला, आर्यन सिंह और श्रेष्ठ मिश्रा के बीच कड़ा मुकाबला हुआ और अंततः टाई-ब्रेक के बाद कवीश विजेता घोषित हुए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राजेश लुनिया और कार्यक्रम अध्यक्ष गिरिराज बागड़ी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर वड़ोदरा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले राजीव साहू और समाया पांडे को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सालभर की चारों त्रैमासिक लीग (अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर, जनवरी) के कुल अंकों के आधार पर शीर्ष खिलाड़ियों को रनिंग ट्रॉफी भी स्थायी रूप से सौंपी गई। आयोजन सचिव प्रवीण निरापुरे और मुख्य निर्णायक प्रणय नंद मजूमदार ने बताया कि इस मौके पर अजीत बेनर्जी, विनय बैसवाड़े सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व अभिभावक उपस्थित थे।




कार्नर न्यूज

इस दिन से ठंडी हवाएं कम होने लगती हैं और पेड़ों के पत्ते हरे होने लगते हैं

# बसंत पंचमी पर मां सरस्वती को लगाएं पीले पकवानों का भोग, हो जाएंगी प्रसन्न

मां सरस्वती के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में बसंत पंचमी मनाई जाती है, जो इस साल 23 जनवरी को है। इस दिन से ठंडी हवाएं कम होने लगती हैं और पेड़ों के पत्ते हरे होने लगते हैं। इस त्योहार पर पूजा के बाद मां सरस्वती को तरह-तरह के लजीज पकवानों का भोग लगाया जाता है। आप सरस्वती पूजा में चढ़ाने के लिए ये पारंपरिक व्यंजन बना सकते हैं। इनकी रेसिपी आसान है और स्वाद लाजवाब होता है।



### पीले चावल

बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती को पीले चावल जरूर चढ़ाए जाते हैं, जिन्हें केसर भात भी कहते हैं। यह एक मीठा व्यंजन है, जिसमें ढेर सारे मेवे शामिल किए जाते हैं। इसके लिए सबसे पहले चावल धो कर भिगो लें। अब कुकर में पानी, चीनी, इलायची, केसर और चावल डालकर पकने दें। अब एक कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें मेवे भून लें। इन्हें पके हुए चावल में मिलाएं और मां सरस्वती को भोग लगाएं।

### रवा केसरी

रवा केसरी एक किस्म का हलवा है। इसे कई लोग शीरा भी कहते हैं और यह पीले रंग का होने के कारण मां सरस्वती के मन भाता है। इसे बनाने के लिए कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें रवा डालकर भूनें। एक बर्तन में पानी गर्म करके उसमें केसर और चीनी उबाल लें। इसी समय एक छोटे पैन में घी गर्म करके मेवे भून लें। अब केसर वाला पानी रवे में शामिल करें और ऊपर से मेवे डालकर परोसें।

### कढ़ी

मां सरस्वती को कढ़ी भी पसंद आती है, जो दही से बनने वाली एक पारंपरिक सब्जी है। इसके लिए पहले दही में बेसन, नमक और हल्दी मिलाकर घोल बना लें। इसी दौरान बेसन की पकौड़ियां भी बना लें, जो कढ़ी में शामिल की जाएंगी। कढ़ी को धीमी आंच पर पकने दें और उसमें पकौड़ियां भी डाल दें। स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें लाल मिर्च, करी पत्ता, राई, हींग और जीरा का तड़का लगा लें।



### राज भोग

राज भोग बनाने के लिए एक बर्तन में दूध गर्म करें और उसमें नींबू का रस डाल दें। जब दूध फट जाए तो छेने को मलमल के कपड़े में रखकर निचोड़ लें। इसके बाद इसे एक थाली में निकालें और केसर डालकर हाथों की मदद से गूंधें। जब यह मुलायम हो जाए तो इसके गोल-गोल लड्डू बनाएं और उनके बीच में पिस्ता भरें। एक पैन में पानी, चीनी और केसर को मिलाएं। इसमें छेने के लड्डू को डालकर उबलने दें।

### बेसन के लड्डू

हर पूजा की तरह सरस्वती पूजा के दिन भी लड्डू जरूर बनते हैं। आप इस दिन घर पर ही बेसन के लड्डू बना सकते हैं, जो ताजे होंगे। इसे तैयार करने के लिए बेसन को घी में हल्का सुनहरा होने तक भून लें। इसमें चीनी और इलायची पाउडर डालकर अच्छी तरह मिला लें। अब इस मिश्रण को एक प्लेट में निकालकर हाथों से गोल लड्डू बना लें। इसके बाद सारे लड्डू पर पिस्ता और बादाम लगाएं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 10 साल पहले प्रियंका को अमेरिका में करना पड़ा था बहुत संघर्ष



प्रियंका चोपड़ा आज एक ग्लोबल स्टार हैं। वह देश की पहली ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिन्हें हॉलीवुड में इस कदर ख्याति मिली है। लेकिन, 10 साल पहले जब उ = हों ने हॉलीवुड की राह चुनी थी, तब उन्हें अमेरिका में बहुत संघर्ष करना पड़ा था। यह खुलासा उनकी मैनेजर अंजुला आचार्य ने एक इंटरव्यू में किया है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा अब ग्लोबल स्टार हैं। बीते 10 साल में उन्होंने हॉलीवुड में अपनी एक जुदा और दमदार पहचान बनाई है। गोग्डन ग्लोब अवॉर्ड के मंच से लेकिन ऑस्कर अवॉर्ड के रेड कारपेट तक, प्रियंका चोपड़ा ने हिंदुस्तान को बड़ी पहचान दिलाई है। लेकिन, क्या उनका यह सफर इतना आसान था? साल 2015 में, जब प्रियंका ने हिंदी फिल्मों से दूर 'क्वांटिको' से हॉलीवुड की राह पकड़ी तो कई लोगों ने इसकी आलोचना की। तब उन्होंने एबीसी स्टूडियोज के साथ एक टैलेंट-होल्डिंग डील साइन की थी। थ्रिलर सीरीज 'क्वांटिको' में एलेक्स पैरिश के किरदार ने उन्हें पॉपुलैरिटी दी और वह देखते ही देखते हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फ्रेंचाइज 'द मैट्रिक्स 4' और 'सिटाडेल' तक का सफर तय किया। आगे वह 'द ब्लफ' में नजर आने वाली हैं। एक्ट्रेस की मैनेजर अंजुला आचार्य खुलासा करती हैं कि यह हमेशा से ऐसा नहीं था। बल्कि शुरुआत में तो प्रियंका के हॉलीवुड वाले फैसले को लोगों ने 'पागलपन' कहा था।

### टॉलीवुड

## मुरुगादॉस ने अलग कहानी सुनाई फिल्म कुछ और बनी : रश्मिका



'सिकंदर' फिल्म पिछले साल रिलीज हुई थी। इसमें सलमान खान और रश्मिका मंदाना लीड रोल में थे, लेकिन, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखा नहीं पाई थी। अब रश्मिका का कहना है कि उन्हें जो कहानी सुनाई गई थी और जो फिल्म बनी, दोनों काफी अलग थी। पिछले साल सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' रिलीज हुई थी। इसमें साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना भी थीं। साउथ के डायरेक्टर एआर मुरुगादॉस ने फिल्म का निर्देशन किया था। करीब 200 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका नहीं कर पाई थी। कुछ समय बाद एआर मुरुगदास ने इसको लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी थी। सलमान के सेट पर लेट आने की बात भी कही थी, जिसके बाद सुपरस्टार ने भी पलटवार किया था। अब रश्मिका ने भी फिल्म को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। रश्मिका मंदाना ने 'सिकंदर' फिल्म को लेकर कहा कि वो स्क्रिप्ट में जैसी थी, वैसी बन नहीं पाई। उन्होंने कहा, 'सिकंदर, मुझे मुरुगादॉस सर से हुई बातचीत याद है। बेशक बाद में जो हुआ वो बहुतअलग था... लेकिन जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी तो वो वाकई काफी अलग स्क्रिप्ट थी।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'आमतौर पर फिल्मों में ऐसा ही होता है। जब आप कुछ सुनते हैं तो वो एक कहानी होती है जिसे आपने सुना होता है, लेकिन फिल्म बनने के दौरान, कलाकारों की एक्टिंग, एडिटिंग और रिलीज के समय के अनुसार चीजें बदलती रहती हैं। ये बहुत आम बात है। सिकंदर के साथ भी ऐसा ही हुआ।' रश्मिका के पुराने क्लिप ने एक बार फिर से 'सिकंदर' को लेकर हुई बहस छेड़ दी है। लोग कॉमेंट्स कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## मनोज तिवारी ने एआर रहमान के बयान को बताया समझ से परे



भोजपुरी एक्टर-सिंगर और बीजेपी सांसद मनोज तिवारी भी एआर रहमान के बयान से सहमत नहीं हैं। उन्होंने अपनी राय देते हुए कहा कि वो उनके कम्युनल वाले बयान से हैरान हैं। उन्होंने ऐसा क्यों कहा, ये भी समझ से परे है। ऑस्कर विनर म्यूजिशियन एआर रहमान हिंदी सिनेमा को 'सांप्रदायिक' कहकर लोगों के निशाने पर हैं। हालांकि, विवाद बढ़ता देख एआर रहमान ने अपने बयान पर सफाई दी। उनका कहना है कि भारत सिर्फ उनका घर नहीं, बल्कि प्रेरणा है और उनका इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था। अब मामले पर बीजेपी सांसद और भोजपुरी सिंगर मनोज तिवारी ने अपनी राय दी है। उनका कहना है कि वह एआर रहमान के बयान से सहमत नहीं हैं। मनोज तिवारी ने मीडिया से कहा, 'मैं बहुत हैरान हूं क्योंकि मैं भी उनका फैन हूं। एआर रहमान साहब ने बहुत अच्छे-अच्छे म्यूजिक दिए हैं। लेकिन, ये समय-समय की बात होती है। कभी सबकुछ चल जाता है तो कभी सब कुछ बहुत धीमा हो जाता है। अब उन्होंने ऐसा बयान क्यों दिया, ये मेरी समझ के बाहर है। सभी को अपनी फिल्म हिट चाहिए, सभी के अपने गाने हिट चाहिए, लेकिन मैं उनके बयान से सहमत नहीं हूं।' एआर रहमान के बयान पर राजनीतिक दलों से लेकर हिंदी सिनेमा के बड़े सिंगर्स तक ने अपनी राय रखी। कुछ लोगों ने सिंगर को सपोर्ट किया, लेकिन ज्यादातर लोगों को उनका बयान नकारात्मक लगा। सिंगर शान ने म्यूजिशियन के बयान पर कहा था कि काम मिलना या न मिलना किसी के हाथ में नहीं है। शान ने कहा था, 'हिंदी सिनेमा और संगीत इंडस्ट्री में सांप्रदायिक पहलू नहीं है, और मुझे भी कभी काफी समय तक काम नहीं मिला था, लेकिन मैंने कभी इस चीज को पर्सनली नहीं लिया।' दूसरी तरफ, एआर रहमान ने सफाई देते हुए वीडियो भी जारी किया है। उन्होंने वीडियो में कहा, 'मेरे लिए संगीत हमेशा लोगों और संस्कृति से जुड़ने का तरीका रहा है और मेरे मन में देश और संगीत के लिए बहुत सम्मान और प्यार है। मुझे खुद के भारतीय होने पर गर्व महसूस होता है।

## ट्रेडिशनल लुक में नजर आया क्यूट कपल

लाइफ स्टाइल





आलिया और रणबीर ने दोस्त की शादी में शिरकती की। इस दौरान आलिया व्हाइट कढ़ाईदार सीक्वेंस व्हाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत दिखीं। आलिया ने इस शाइनिंग साड़ी को डीप नेक ब्लाउज के साथ कैरी किया। आलिया ने अपने इस देसी लुक को गले में चोक नेकलेस पहनकर पूरा किया। वहीं, रणबीर ने काला कुर्ता-पायजामा पहना था, जिसके ऊपर कढ़ाई वाली नेहरू जैकेट थी। आलिया ने इस लेटेस्ट लुक की तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी शेयर की हैं।

# कामकाजी महिलाओं के लिए जरूरी हैं फैशन एसेसरीज रखना, हर लुक लगेगा स्टाइलिश

आजकल की कामकाजी महिलाओं के पास समय की कमी होती है। ऐसे में उन्हें अपने रोजाना के कपड़े और एसेसरीज को सही तरीके से चुनना जरूरी है ताकि वे ऑफिस के माहौल में आत्मविश्वास से भरी रहें। इस लेख में हम कुछ ऐसे फैशन एसेसरीज की बात करेंगे, जो न केवल आपके लुक को खास बनाएंगी बल्कि आपको आरामदायक भी रखेंगी। सही एसेसरीज का चुनाव आपके पेशेवर जीवन को और भी आसान बना सकता है।

**क्लासिक बैग :** एक अच्छा बैग आपके ऑफिस लुक को पूरा करने में अहम भूमिका निभा सकता है। यह न केवल आपके जरूरी सामानों को समेटने में मदद करता है बल्कि आपके स्टाइल को भी निखारता है। लेदर का या प्लेन रंग का बैग सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है क्योंकि यह टिकाऊ होता है और किसी भी कपड़े के साथ मेल खाता है। इसके अलावा आप इसमें अपने लैपटॉप और अन्य



जरूरी सामान भी आसानी से रख सकती हैं।

**स्टाइलिश घड़ी :** समय पर काम पूरा करने के लिए घड़ी जरूरी होती है और यह आपके लुक को भी खास बनाती है। एक अच्छी घड़ी न केवल आपको समय बताती है बल्कि आपके व्यक्तित्व को भी दर्शाती है। आप प्लेन रंगों की घड़ी चुन सकती हैं, जो किसी भी कपड़े के साथ अच्छी लगे। इसके अलावा आप इसमें कुछ खास डिजाइन जैसे कि चमकदार स्टोन भी चुन सकती हैं, जो इसे और भी आकर्षक बनाएगा।

### आरामदायक जूते

ऑफिस में पूरे दिन चलना-फिरना पड़ता है, इसलिए आरामदायक जूते बेहद जरूरी होते हैं। फ्लैट्स या कम हील वाले जूते आपके पैरों को आराम देते हुए स्टाइलिश दिखते हैं। आप सूती या लेदर के फ्लैट्स चुन सकती हैं, जो किसी भी कपड़े के साथ अच्छे लगते हैं। इसके अलावा आप वेजेस भी चुन सकती हैं, जो थोड़ा ऊंचा होता है लेकिन चलने में कोई दिक्कत नहीं होती। इससे आप पूरे दिन आरामदायक महसूस करेंगी।

### प्रिंटेड स्कार्फ

स्कार्फ न केवल ठंड से बचाता है बल्कि आपके लुक को भी खास बनाता है। आप किसी भी रंग या डिजाइन का स्कार्फ चुन सकती हैं, जो आपके कपड़ों के साथ मेल खाता हो। इसे अपने गले या सिर पर बांधकर इस्तेमाल करें, यह देखने में बहुत सुंदर लगेगा। इस तरह इन फैशन एसेसरीज की मदद से आप अपने रोजाना के कपड़ों को और भी खास बना सकती हैं।

## बसंत पंचमी के दिन पूजा के समय आप पहनें पीले रंग के पारंपरिक परिधान

फैशन



बसंत पंचमी का पर्व हिंदु धर्म में विशेष महत्व रखता है, जो इस साल 23 जनवरी को मनाया जाएगा। मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन ज्ञान और संगीत की देवी मां सरस्वती का जन्म हुआ था। इस त्योहार पर पीला रंग शुभ माना जाता है। अगर आप इस दिन पीले परिधान पहनेंगी तो मां सरस्वती प्रसन्न होंगी, क्योंकि यह उनका पसंदीदा रंग है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको बसंत पंचमी के दिन पहनने लायक पीले परिधानों के सुझाव देंगे।

**पीली कुर्ती और धोती पैंट:** सरस्वती पूजा के समय पहनने के लिए पीली कुर्ती और धोती पैंट आदर्श आउटफिट हो सकता है। धोती पैंट पारंपरिक भारतीय धोती का एक मॉडर्न रूप है, जो पुरानी सांस्कृतिक जड़ों को आज के फैशन के साथ जोड़ती है। इसके साथ कुर्ती का मेल बेहद शानदार रहेगा और आपको खूबसूरत लुक देगा। इस लुक के साथ बड़े झुमके पहनें और पैरों में पायल भी सजा लें।

**पीला को-ऑर्ड सेट और जैकेट :** इन दिनों को-ऑर्ड सेट बहुत प्रचिलित हो रहे हैं, जो बसंत पंचमी के मौके पर भी अच्छे लगेंगे। इस दिन आपको पीले रंग का को-ऑर्ड सेट ही चुनना चाहिए। आप प्लाजो पैंट और क्रॉप टॉप या फिर अंगरखा कुर्ती और पैंट वाला को-ऑर्ड सेट पहन सकती हैं। अगर आउटफिट में थोड़ी कढ़ाई भी हो तो आप और भी सुंदर लगेंगी।

**पीला और सफेद पटियाला सूट :** पटियाला सूट कभी फैशन से बाहर नहीं होता। ऐसे में यह बसंत पंचमी के लिए बढ़िया आउटफिट हो सकता है। आप पीले और सफेद रंग वाला पटियाला सूट पहन सकती हैं, जो जीवंत लगेगा। इसके ऊपर दोनों रंग वाला शिफॉन का दुपट्टा ओढ़ें, जो लुक में चार चांद लगा देगा। इस तरह के सूट के साथ जूती पहनें, जिससे आपको पंजाबी लुक मिल जाएगा। साथ में चांद बालियां, चूड़ियां और पतली चेन पहन लें।

**पीली कॉर्सेट कुर्ती और स्कर्ट:** पिछले कुछ महीनों में कॉर्सेट कुर्तियों की लोकप्रियता बहुत बढ़ गई है। यह शार्ट कुर्ती होती हैं, जिन्हें पीछे से बांधकर टाइट किया जा सकता है। इस कुर्ती के साथ आपको स्कर्ट पहननी चाहिए, जिससे लहंगे जैसा आउटफिट बन जाएगा। आप पीली कुर्ती पर सफेद स्कर्ट या सफेद कुर्ती पर पीली स्कर्ट का मेल बैठा सकती हैं। यह आउटफिट स्टाइलिश होने के साथ-साथ बेहद आरामदायक भी होगा। लुक को पूरा करने के लिए बड़ी बालियां पहनें।

**पीली साड़ी :** अगर आप सादगी भरा और खूबसूरत लुक चाह रही हैं तो साड़ी से अच्छा और कुछ नहीं हो सकता। यह परिधान सरस्वती पूजा के लिए सबसे आदर्श रहेगा। आप शिफॉन, चिकनकारी, कॉटन या सिल्क आदि में से अपनी पसंद की साड़ी पहन सकती हैं। हालांकि, साड़ी का रंग पीला ही चुनें, जो इस पर्व के सार को व्यक्त करेगा।

## ऑफिस के लिए कपड़े खरीदते समय रखें कुछ बातों का खास ध्यान

आजकल ऑफिस के कपड़े खरीदना एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया है, खासकर जब बजट सीमित हो। सही कपड़े चुनने के लिए सिर्फ फैशन ही नहीं, बल्कि सुविधा और पेशेवर दिखने का भी ध्यान रखना जरूरी है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी सुझाव देंगे, जिनसे आप अपने बजट में रहते हुए ऑफिस के लिए सही कपड़े चुन सकते हैं और पेशेवर दिख सकते हैं।

**सही कपड़े चुनें :** ऑफिस के कपड़े चुनते समय सबसे पहले कपड़े की गुणवत्ता पर ध्यान दें। अच्छी गुणवत्ता वाले कपड़े लंबे समय तक चलते हैं और आपको आरामदायक महसूस करवाते हैं। सूती, लिनेन और ऊन जैसे प्राकृतिक कपड़े हमेशा अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये आपकी त्वचा को हवा लगने देते हैं और आरामदायक होते हैं। इसके अलावा ये कपड़े धोने पर भी अपना आकार और रंग बनाए रखते हैं, जिससे आपका लुक हमेशा पेशेवर और साफ-सुथरा दिखता है।



### रंगों का चयन करें

रंगों का चयन करते समय ऐसे रंगों का चुनाव करें, जो पेशेवर दिखें और हर मौसम में चलन में रहें। काले, स्लेटी, गहरे नीले या बेज जैसे रंग हमेशा सुरक्षित विकल्प होते हैं क्योंकि ये किसी भी अवसर पर अच्छे लगते हैं और आसानी से अन्य चीजों के साथ मेल खाते हैं। इसके अलावा इन रंगों के कपड़े पहनकर आप आत्मविश्वास से भरे दिखते हैं और आपके लुक में एक खास निखार आता है।

### फिटिंग पर दें ध्यान

फिटिंग बहुत अहम है क्योंकि चाहे कपड़ा कितना भी महंगा क्यों न हो, अगर उसकी फिटिंग सही नहीं होगी तो वह अच्छा नहीं लगेगा। इसलिए अपने आकार के अनुसार फिटिंग करवाना न भूलें। अगर कोई कपड़ा थोड़ा ढीला या टाइट लग रहा हो तो उसे सिलवा लें ताकि वह आपके शरीर पर सही से फिट हो सके।

## ब्लेजर पहनते समय लोग अक्सर कर देते हैं गलतियां, बिगड़ जाता है पूरा लुक

ब्लेजर एक ऐसा कपड़ा है, जो न केवल आपको स्टाइलिश दिखाता है, बल्कि आरामदायक भी महसूस करवाता है। हालांकि, कई बार अनजाने में कुछ गलतियां हो जाती हैं, जो आपके लुक को बिगाड़ सकती हैं।

**गलत फिटिंग का चुनाव करना :** ब्लेजर की फिटिंग बहुत जरूरी होती है। अगर ब्लेजर आपके शरीर से ढीला या बहुत टाइट हो तो यह आपके लुक को खराब कर सकता है। सही फिटिंग वाला ब्लेजर आपके शरीर की बनावट को उभारता है और आपको एक पेशेवर दिखावा देता है। इसलिए हमेशा अपनी माप के अनुसार ही ब्लेजर चुनें। अगर माप ठीक नहीं होगा तो सिलाई करवा लें ताकि ब्लेजर आपके शरीर पर सही



तरीके से बैठे और आप सबसे अच्छे दिखें।

**गलत रंगों का चयन करना :** ब्लेजर का रंग चुनते समय ध्यान रखें कि वह आपकी त्वचा के रंग से मेल खाता हो। हल्के रंग जैसे सफेद या हल्के नीले रंग की ब्लेजर गर्मियों में अच्छे लगते हैं, जबकि गहरे रंग जैसे काला या गहरा नीला सर्दियों में बेहतर दिखते हैं। अगर आप ऑफिस या किसी औपचारिक कार्यक्रम के लिए ब्लेजर पहन रहे हैं तो सादा और हल्के रंगों का चयन करें। इससे आप पेशेवर दिखेंगे और आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

**सही लंबाई न चुनना :** ब्लेजर की लंबाई भी बहुत जरूरी होती है। अगर ब्लेजर बहुत लंबा या बहुत छोटा हो तो वह अच्छा नहीं दिखता। आदर्श रूप से, ब्लेजर आपकी कमर तक पहुंचना चाहिए ताकि आपकी शर्ट की लंबाई सही दिखे और संतुलन बना रहे। अगर आपकी ऊंचाई कम है तो थोड़ा छोटा ब्लेजर चुनें ताकि आपकी लंबाई लंबी दिखे और आप ज्यादा आकर्षक लगें। इससे आपका पूरा लुक बेहतर और पेशेवर दिखेगा।

कार्नर न्यूज

## फॉर्मल पैंट्स को स्टाइल करना एक कला है, जिसे सीखना जरूरी

फॉर्मल पैंट्स पुरुषों के अलमारी का एक अहम हिस्सा हैं। ये न केवल पेशेवर माहौल में आपको स्मार्ट दिखाते हैं, बल्कि आरामदायक भी होते हैं। सही तरीके से फॉर्मल पैंट्स को स्टाइल करना एक कला है, जिसे सीखना जरूरी है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी टिप्स देंगे, जिनसे आप अपनी फॉर्मल पैंट्स को बेहतर तरीके से पहन सकते हैं और हर मौके पर आकर्षक दिख सकते हैं।

# पुरुष फॉर्मल पैंट्स को स्टाइल करने के लिए आजमाएं आसान से टिप्स, दिखेंगे सबसे अलग



### सही फिटिंग का चुनाव करें

फॉर्मल पैंट्स की फिटिंग सबसे जरूरी होती है। ज्यादा ढीली या टाइट पैंट्स पहनने से बचें। आपकी पैंट्स न तो बहुत ढीली होनी चाहिए और न ही बहुत टाइट। सही फिटिंग वाली पैंट्स आपके लुक को निखारती हैं और आपको आत्मविश्वास देती हैं। हमेशा अपनी माप के अनुसार पैंट्स खरीदें और अगर जरूरत पड़े तो उन्हें थोड़ा सिलाई करवा लें ताकि वे आपके शरीर पर अच्छी तरह से बैठें और आपको एक पेशेवर लुक दें।

### रंगों का चयन सोच-समझकर करें

फॉर्मल पैंट्स के लिए रंगों का चयन करते समय ध्यान रखें कि कौन सा रंग आपके लिए बेहतर होगा। काले, ग्रे या गहरे नीले जैसे रंग हमेशा सुरक्षित विकल्प होते हैं क्योंकि ये हर तरह की शर्ट और जैकेट के साथ मेल खाते हैं। इसके अलावा ये रंग पेशेवर माहौल में भी अच्छे लगते हैं और आपको स्मार्ट दिखाते हैं।

### शर्ट का चुनाव सही करें

फॉर्मल पैंट्स के साथ शर्ट का चयन करना भी जरूरी है। सफेद, नीली या हल्के रंग की शर्टें फॉर्मल पैंट्स के साथ अच्छी लगती हैं। शर्ट की फिटिंग भी सही होनी चाहिए ताकि आपका लुक पूरा और आकर्षक लगे। अगर आप अलग-अलग लुक आजमाना चाहते हैं तो डिजाइन वाली शर्ट भी चुन सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि डिजाइन बहुत भारी न हो ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे और पेशेवर नजर आए।

### बेल्ट और जूते चुनते समय ध्यान दें

बेल्ट और जूते आपके पूरे लुक को पूरा करते हैं। हमेशा रंग की बेल्ट चुनें, जो आपकी पैंट्स से मेल खाती हो। जूतों का चयन करते समय चमड़े के जूते सबसे अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये आपको एक पेशेवर लुक देते हैं।



### एक्सेसरीज का उपयोग संतुलित रखें

फॉर्मल पैंट्स के साथ एक्सेसरीज का उपयोग करते समय संतुलन बनाए रखना जरूरी होता है। ज्यादा गहने या भारी एक्सेसरीज पहनने से बचें क्योंकि इससे आपका लुक ज्यादा बनावटी लग सकता है। एक साधारण घड़ी या एक छोटा सा पर्स ही काफी होता है आपके पूरे लुक को पूरा करने के लिए। इन सरल टिप्स की मदद से आप अपनी फॉर्मल पैंट्स को बेहतर तरीके से स्टाइल कर सकते हैं और हर मौके पर आकर्षक दिख सकते हैं।